


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 1 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-033 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नई नवेली दुल्हन पर जानलेवा हमला

**जशपुर,1 मई।** जशपुर जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एकतरफा प्यार में पागल युवक ने नई नवेली दुल्हन पर शादी के ठीक बाद चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके फरार हो गया, पीड़िता के परिजनों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कोतबा चौकी क्षेत्र की है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, पीड़िता की हाल ही में शादी हुई थी और वह अपने ससुराल में थी। इसी दौरान बीती रात एक युवक उसके ससुराल में घुस आया और पीड़िता पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। जैसे ही इस बारे में ससुराल वालों को पता चला वह उसे तत्काल पास ही मौजुद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसके हाथ में 29 टांके लगाए हैं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है।

### 700 करोड़ के स्टील प्लांट का विरोध तेज

**मुंगेली,1 मई।** मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र अंतर्गत बड़ियाडीह गांव में प्रस्तावित 700 करोड़ रुपये के स्टील प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है. बड़ियाडीह समेत 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने इस परियोजना के खिलाफ जनसुनवाई में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है. पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित इस जनसुनवाई में 88 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 85 लोगों ने प्लांट के विरोध में और केवल 3 ने पक्ष में मत दिए. लिखित में भी 27 विरोध और 1 समर्थन मिला. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्लांट मदकूद्वीप क्षेत्र के निकट है, जो जिले का प्रमुख पर्यटन और जैवविविधता वाला क्षेत्र है. उनका दावा है कि स्टील प्लांट से उत्पन्न रासायनिक अपशिष्ट और धुआं न केवल वायु और जल को प्रदूषित करेगा बल्कि मदकूद्वीप की पारिस्थितिकी भी प्रभावित होगी. साथ ही, मनियारी और शिवनाथ नदियों के जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है.

### पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा दिला कर रहेंगे : जयशंकर

**नई दिल्ली,1 मई।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से बात की है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर दी। जिसके मुताबिक भारत इस हमले की साजिश रचने वालों और हमलावरों को सजा दिलाने को प्रतिबद्ध है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर जयशंकर और रुबियो ने बात की। विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए लिखा, कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम में 17 रुपए की कटौती

**नई दिल्ली,1 मई।** एलपीजी गैस के रेट अपडेट कर दिए हैं। वहीं, आज 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर सस्ते हो गए हैं। कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में 17 रुपये तक की कटौती की गई है। आज 1 मई को कोलकाता में यही कॉमर्शियल सिलेंडर 1868.50 रुपये के बजाय अब 1851.50 रुपये का हो गया है। मुंबई में इस सिलेंडर की कीमत 1713.50 रुपये की जगह अब 1699 रुपये और चेन्नई में 1921.50 रुपये की जगह 1906.50 रुपये हो गई है। दिल्ली में अब यह 1747.50 रुपये का मिलेगा। आज 1 मई 2025 को दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये में मिलेंगे।

## सेनाओं का मनोबल न गिराएं : सुको

### पहलगाम अटैक से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इंकार

**नई दिल्ली,1 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग करने वाली जनहित याचिका दायर करने वाले वकीलों की कड़ी आलोचना की है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, जिम्मेदार बनो। देश के प्रति तुम्हारा कुछ कर्तव्य है। क्या यही तरीका है.. कृपया ऐसा मत करो। कब से एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ऐसे मुद्दों (आतंकवाद) की जांच करने के लिए विशेषज्ञ बन गए हैं? हम किसी भी बात पर विचार नहीं कर रहे हैं। कृपया आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। जस्टिस सूर्यकांत ने आगे कहा, यह वह महत्वपूर्ण समय है जब इस देश का हर नागरिक आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिला रहा है। ऐसी कोई प्रार्थना न करें जिससे किसी व्यक्ति का मनोबल गिरे। मामले की संवेदनशीलता को देखें। कुछ देर बहस करने के बाद वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। जम्मू-कश्मीर के तीन निवासियों द्वारा दायर याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से केंद्र सरकार को आतंकवादी हमले पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच दल बनाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया।



याचिकाकर्ताओं - फतेह कुमार शाहू, मोहम्मद जुनैद और विक्की कुमार - ने केंद्र, जम्मू और कश्मीर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को केंद्र शासित प्रदेश के पर्यटक क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश देने की मांग की।

## बाबा रामदेव किसी के वश में नहीं, अपनी ही दुनिया में रहते हैं

**» शरबत जिहाद पर दिल्ली हाईकोर्ट की फटकार**

**नई दिल्ली,1 मई।** हमदर्द रूह अफजा पर योग गुरु बाबा रामदेव द्वारा की गई टिप्पणी पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में बाबा रामदेव को जमकर फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि बाबा रामदेव किसी के वश में नहीं है। वो अपनी ही दुनिया में रहते हैं। इससे पहले अदालत ने हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ उनकी विवादास्पद शरबत जिहाद टिप्पणी को लेकर उन्हें प्रथम दृष्ट्या न्यायालय की अवमानना का दोषी पाया था। अदालत ने इससे पहले उन्हें भविष्य में हमदर्द के उत्पादों पर कोई बयान जारी नहीं करने या वीडियो साझा नहीं करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति अमित बंसल को गुरुवार को यह जानकारी दी गई कि अदालत के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इसके बाद न्यायमूर्ति बंसल ने कहा कि पिछले आदेश के मद्देनजर उनका हलफनामा और यह वीडियो पहली नजर में अवमानना के दायरे में आते हैं। अदालत ने कहा कि अब अवमानना नोटिस जारी किया जाएगा। अदालत ने यह बयान हमदर्द के वकील द्वारा प्रस्तुत किए जाने के बाद दिया कि रामदेव ने अदालत के आदेश के अनुसार एक और वीडियो जारी कर कहा कि हमदर्द द्वारा अर्जित लाभ को मदरसे, मस्जिद बनाने में लगाया जा रहा है। उनकी आस्था मुगलों के औरंगजेब में है, जबकि पतंजलि की आस्था भगवान राम में है। उनके हलफनामे में अदालत द्वारा दिए गए वचन के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि हमदर्द के रूह अफजा पर बाबा रामदेव की शरबत जिहाद संबंधी कथित टिप्पणी ने अंतरात्मा को झकझोर दिया है। अदालत ने इसे अक्षम्य करार दिया था। इस पर योग गुरु ने आश्वासन दिया था कि वह इससे जुड़े ऑनलाइन कंटेंट को तुरंत हटा देंगे। न्यायमूर्ति अमित बंसल रामदेव की पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे और उन्होंने कहा कि इससे अदालत की अंतरात्मा को झटका लगा है। यह बचाव योग्य नहीं है। अदालत ने रामदेव के वकील से कहा था कि रामदेव से निर्देश लें अन्यथा कड़ा आदेश दिया जाएगा।



## वेव्स सिर्फ एक शब्द नहीं, लहर है: मोदी

**नई दिल्ली,1 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेव्स सम्मेलन में कहा कि प्रतिभा और रचनात्मकता के वैश्विक परिवेशी तंत्र की आधारशिला रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है; यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स सम्मेलन पहले ही क्षण से दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। उन्होंने रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हमनें भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। बीते वर्षों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की




कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। मोदी ने कहा कि एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर निर्माता का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र दुनिया के लोगों से, फिल्म निर्माता से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला। इन चर्चाओं में अक्सर भारत की रचनात्मकता, सृजनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग की बातें उठती थीं। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन के पहले ही क्षण से यह उद्देश्यपूर्ण रूप से जोर पकड़ रहा है। पहले ही संस्करण में WAVES ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाल किले से मैंनें सबका प्रयास की बात कही है। आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले वर्षों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा।

## पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की बढ़ी मियाद

**नई दिल्ली,1 मई।** जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा पर सख्त प्रतिबंधों के बीच केंद्र सरकार ने भारत में फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को राहत देते हुए उन्हें अटारी सीमा के रास्ते अपने देश लौटने की अनुमति दे दी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पहले 1 मई से सीमा पार सभी तरह की आवाजाही और व्यापार पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले अटारी सीमा पर सभी नागरिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को रोकने का निर्देश जारी किया था, जिससे पारगमन में पकड़े गए लोगों, विशेष रूप से वैध यात्रा दस्तावेजों वाले पाकिस्तानी नागरिकों के बीच चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि, मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए, भारत सरकार ने अब वैध कारणों से घर लौटने की जरूरत वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सीमा को खुला रखने की अनुमति दी है। गुरुवार की सुबह अटारी सीमा पर कई लोग आए थे, लेकिन उन्हें संशोधित आवागमन स्थिति के बारे में पता नहीं था। औपचारिक संचार की कमी के कारण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुरू में उनके जाने को रोक दिया था, लेकिन अधिकारियों से नवीनतम मंजूरी के साथ, उनके जाने की प्रक्रिया अब फिर से शुरू हो गई है। संशोधित आदेश लागू होने के बाद, सीमा पर मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों ने राहत और आभार व्यक्त किया, क्योंकि उन्हें एक बार फिर जाने की अनुमति मिल गई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच, 24 अप्रैल से 30 अप्रैल की अवधि के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिक दोनों देशों के बीच की सीमाओं को पार कर गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में कुल 926 पाकिस्तानी नागरिक अपने देश लौट आए, जबकि 1,841 भारतीय नागरिक भारत वापस आए। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें 26 निर्दोष लोग मारे गए थे।

## चौकी छोड़कर भाग रहे पाकिस्तानी जवान, झंडा भी गायब

### भारत के हमले के डर से कांपा पाकिस्तान एयरस्पेस में लगाए जैमर

**करांची,1 मई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत पाकिस्तान पर कई कड़ी पाबंदियां लगाई है। वहीं पीएम मोदी ने सेनाओं को कार्रवाई को लेकर खुली छूट दे दी है। इससे भारत के हमले के डर से पाकिस्तान तनाव में है। इसी का नतीजा है कि पाकिस्तान ने अपना एयर स्पेस बंद करने के बाद वहां जैमर लगा दिए हैं ताकि भारत के लड़ाकू विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में न प्रवेश कर सकें। साथ ही नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलीबारी के बीच पाकिस्तान ने चीन में बने विमानरोधी मिसाइल सिस्टम की तैनाती बढ़ा दी है। बताया जाता है कि पाकिस्तानी जवान कुपवाड़ा,नौसेरा जैसे सीमाई इलाकों में बनी अपनी चौकियों को छोड़कर भाग रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तानी झंडा भी उतार दिया है। साथ ही पहलगाम हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच अब पाकिस्तान ने अपनी खुफिया एजेंसी ISI के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है। 2022 में मुईद यूसुफ के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली था। बता दें कि भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के स्वामित्व वाली और संचालित उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 23 मई तक बंद करने की घोषणा की थी। कुछ दिन पहले ही इस्लामाबाद ने भारतीय विमानन कंपनियों के स्वामित्व वाली और संचालित सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का फैसला किया था। भारत ने इस संबंध में नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है, जिसके तहत पाकिस्तानी विमानों को 23 मई तक भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया है. नोटम के अनुसार, यह प्रतिबंध 30 अप्रैल से 23 मई तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान किसी भी पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## ज्वेलरी शॉप में 22 लाख की चोरी का खुलासा

**बिलासपुर,1 मई।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के पुलिस ने अंतर्राज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह ज्वेलरी दुकानों में नकली सोने के बदले असली जेवर लेकर फरार हो जाता था। 48 घंटे के भीतर बिलासपुर पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल मामले को सुलझाते हुए करीब 22 लाख की चोरी का पर्दाफाश किया है।

बिलासपुर के गोलबाजार स्थित हिम्मत लाल ज्वेलर्स में दो महिलाओं ने नकली सोना दिखाकर लाखों की ठगी को अंजाम दिया था। घटना के बाद,छष्ट और कोतवाली पुलिस ने 200 से ज्यादा फुटेज खंगाले और टेक्निकल इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान कर महाराष्ट्र तक पीछा करते हुए



गिरोह को पकड़ा। गिरफ्तार पांच आरोपियों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं, जिनके पास से सोने-चांदी के जेवर, नगदी और एक कार बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने रायपुर और राजनांदगांव में भी चोरी की बात कबूली है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

## नक्सलियों ने मुंशी को उतारा मौत के घाट

**बलरामपुर,1 मई।** एक तरफ छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन जारी है. वहीं आज दूसरी तरफ छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर माओवादियों ने तांडव मचाया है. नक्सलियों ने एक बार फिर से विकास कार्य को रोकने के प्रसाय में एक बेकसूर मुंशी की हत्या कर दी और सड़क निर्माण में लगी गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया. बता दें, नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर बलरामपुर से लगे महुआडांड थाना क्षेत्र के गांव ओरसापाठ में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में ड्यूटी पर तैनात मुंशी की बेरहमी से हत्या कर दी और वहां खड़ी छ्ष्क्रवाहन को भी फूंक डाला. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. साथ ही अब बलरामपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक मुंशी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है

## तीन अन्य स्थानों की आतंकियों ने की थी रेकी

**नई दिल्ली,1 मई।** पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों ने हमले के लिए पहलगाम में बैसरन घाटी के अलावा तीन अन्य स्थानों की भी रेकी की थी। यह बात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में सामने आई है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि तीन अन्य स्थानों, अरु घाटी, एक मनोरंजन पार्क और बेताब घाटी पर हमला करने की उनकी योजना को वहां सुरक्षा बलों की मौजूदगी के कारण विफल कर दिया गया। सूत्रों ने यह भी बताया कि 22 अप्रैल को हुए हमले से दो दिन पहले आतंकवादी बैसरन घाटी में मौजूद थे, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। यह भी पता चला है कि चार ओवरग्राउंड वर्कर्स ने आतंकवादियों को घटनास्थलों की रेकी करने में मदद की थी। पहलगाम आतंकी हमले की जांच आगे बढ़ने के साथ ही अधिकारियों ने अब तक करीब 20 OGW की पहचान कर ली है, जबकि कुछ को गिरफ्तार भी किया गया है। हमले के सिलसिले में कुल 186 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। 22 अप्रैल को हथियारबंद आतंकवादियों ने कश्मीर के ऐतिहासिक पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी करके दहशत फैला दी। हमले में मारे गए लोगों की पत्नियों और अन्य रिश्तेदारों ने बाद में मीडिया के सामने खुलासा किया कि आतंकवादियों ने पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनके नाम और धर्म के बारे में पूछा। उन्होंने कथित तौर पर उन लोगों से भी कलमा पढ़ने को कहा, जिन्होंने कहा कि वे मुस्लिम समुदाय से हैं। आतंकवादियों ने उन लोगों को गोली मार दी, जिन्होंने कहा कि वे हिंदू हैं और उनके रिश्तेदारों, खासकर महिलाओं को सरकार को यह सब बताने के लिए कहा।



### अनुकंपा नियुक्ति के बाद पदोन्नति का दावा नहीं: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,1 मई।** हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर बड़ी टिप्पणी की है, कोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी पद में अनुकंपा नियुक्ति स्वीकार करने के बाद पद परिवर्तन या पदोन्नति की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर कहा कि अनुकंपा नियुक्ति अधिकार नहीं एक रियायत है. पद स्वीकृति के बाद पद परिवर्तन या पदोन्नयन का दावा नहीं किया जा सकता है. ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा सीमित है. इसके साथ कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया. याचिकाकर्ता अभिनय दास मानिकपुरी के पिता घनश्याम दास लोक निर्माण विभाग धमतरी में चौकीदार के पद में कार्यरत थे.

## तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेगी एनआईए

**नई दिल्ली,1 मई।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल और हैंडराइटिंग के सैंपल लेने की अनुमति प्रदान की है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने मंजूरी दी. वर्तमान में तहव्वुर राणा एनआईए की हिरासत में हैं. पिछले महीने, विशेष अदालत ने राणा की हिरासत को 12 दिन के लिए बढ़ाने का आदेश दिया था, जिसे एनआईए ने अदालत में अनुरोध किया था. इससे पहले, राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में रखा गया था, जिसके बाद उसे विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह के समक्ष पेश किया गया. सुनवाई के दौरान एजेंसी ने तर्क दिया कि 17 साल पुराने आतंकवादी हमलों की साजिश को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए तहव्वुर राणा की हिरासत आवश्यक है. एजेंसी ने यह भी बताया कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है. उल्लेखनीय है कि हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपील की थी. 4 अप्रैल 2025 को पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद राणा को भारत लाया गया. 10 अप्रैल को भारत लाए जाने के बाद एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए अदालत में पेश किया, जहां अदालत ने उसे 18 दिन की हिरासत में भेज दिया. हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उसे फिर से कोर्ट में पेश किया गया. राणा को अक्टूबर 2009 में शिकागो में अमेरिकी एजेंसी FBI ने गिरफ्तार किया. उस पर आरोप था कि उसने मुंबई के 26/11 हमले और कोपेनहेगन में आतंकवादी गतिविधियों के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की. 26 नवंबर 2008 को, 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश कर रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया.

## युद्ध होना है तो हो जाए, पाकिस्तान का मिटा दिया जाए नाम-ओ-निशान

### पहलगाम आतंकी हमले पर सीएम सिद्धारमैया ने मारी पलटी

**बेंगलुरु,1 मई।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहलगाम आतंकी हमलेको लेकर अपने बयान से पलटी मारी है। सिद्धारमैया ने अपने ताजा बयान में पाकिस्तान के साथ युद्ध पर कहा कि युद्ध होना है तो हो जाए, पाकिस्तान का नाम-ओ-निशान मिटा दिया जाए। इससे पहले उन्होंने अपने बयान में कहा था कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई जरूरत नहीं है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अपनी एकता और संप्रभुता के लिए किसी भी खतरे को सहन नहीं करना चाहिए और अगर जरूरी हो तो पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध किया जा सकता है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने कहा कि अभी युद्ध जरूरी नहीं है, लेकिन देश के लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद को पूरी तरह खत्म किया जाना चाहिए। भारत बुद्ध और बसवन्ना की भूमि है और हम शांतिप्रिय लोग हैं, हम बिना कारण युद्ध नहीं करते। अगर युद्ध अपरिहार्य हो तो हमें युद्ध करना चाहिए, चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ हो या किसी और देश के खिलाफ, जो हमारी एकता और संप्रभुता के लिए खतरा बने।

## राहुल गांधी को सीरियस मत लो, उन्हें सर्वे और सस्पेंस का अंतर नहीं पता : प्रधान

**नई दिल्ली,1 मई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जातीय जनगणना पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर विवादस्पद टिप्पणी कर बैठे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'राहुल गांधी को सीरियस मत लो, उन्हें सर्वे और सस्पेंस का अंतर नहीं पता। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ये फैसला एकाएक नहीं लिया गया है, इसपर पिछले 11 सालों से काम चल रहा है। हमारा मकसद समाज के हर तबके तक लाभ पहुंचाने का है। सामाजिक न्याय हमेशा हमारी नीति का केंद्र रहा है और इसलिए ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने जोर देकर कहा कि यह भारत की आज़ादी के बाद पहली बार है, जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो वंचितों को उनका हक दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसे लगभग एक साल पहले गृह मंत्री ने सूचित किया था। प्रधान ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नेहरू जी जातीय आरक्षण के विरोधी थे। इसके लिए उन्होंने राज्यों को चिट्ठी भी लिखी थी। मंडल कमीशन लागू करने के समय बीजेपी सरकार का हिस्सा थी। इसे रोकने का काम कांग्रेस ने किया। मंडल कमीशन को लेकर राजीव गांधी का क्या रुख था सभी जानते हैं।



50% आरक्षण की सीमा खत्म करने के सवाल पर धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी की जातीय जनगणना पर प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से लेना ही नहीं चाहिए। उन्हें सर्वे और सेंसस के बीच का अंतर भी नहीं पता। उन्होंने आगे कहा कि नेहरू और राजीव गांधी की चिट्ठियों और बयानों को पढ़कर कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## छात्रों को जबरन नमाज पढ़वाने वाला प्रोफेसर गिरफ्तार

**बिलासपुर,1 मई।** एनएसएस शिविर में नमाज पढवाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुचाने वालों के विरूध्द की गई कार्यवाही। आरोपी प्रोफेसर दिलीप झा को आज बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा 07 दिवसीय एनएसएस शिविर ग्राम शिवतराई कोटा में आयोजित किया गया था। उक्त कैंप में शामिल छात्रों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, कि उक्त शिविर में दिनांक 31.03.2025 को अनावेदकगणों द्वारा एनएसएस शिविर में नमाज पढवाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुचाया गया। प्रो.दिलीप झा, डॉ.मधुलिका सिंह, डॉ.ज्योति वर्मा, डॉ.नीरज कुमारी, डॉ.प्रशांत वैष्णव, डॉ.सुर्यभान सिंह, डॉ.बसंत कुमार तथा टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चौधरी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196 (ख), 197 (1)(ख)(ग), 299, 302, 190 छ.ग. धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम की धारा 4 के तहत् अपराध कर पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। अपराध में विवेचना उपरांत अपराध सबूत पाए जाने से, आरोपी द्वारा विवेचना व साक्ष्य को प्रभावित करने, तथा विवेचना में सहयोग नहीं करने के कारण आरोपी प्रोफेसर दिलीप झा को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।



## अक्षय तृतीया पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े 85 जोड़ों के विवाह में शामिल हुए और आशीर्वाद दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 1 मई।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रिती-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 85 जोड़े एक साथ फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गांधी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले नव दाम्पत्य को बधाई और शुभकामनाएं दी। वर एवं वधु को पंडित ने सात वचनों का संकल्प भी दिलाया। नव दंपत्य जोड़ों को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और कैबिनेट मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने मंच पर आशीर्वाद प्रदान कर पैंतीस पैंतीस हजार रूपए का चेकर प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू,, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवदाम्पत वर एवं वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आज पूरे सम्मान के साथ कबीरधाम जिले के 85 बेटियों की विवाह पूरे रिती-रिवाज और सामाजिक परंपरा के साथ एक आर्दश विवाह के रूप में संपन्न कराया गया। आज हम सब इस सामुहिक विवाह के साक्षी बने और नवदाम्पत्य जोड़ों को एक साथ, एक स्थान और एक मंच पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करने का अवसर भी हम सबकों मिला। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया का बहुत शुभ मुहूर्त है और आप सभी जोड़ा को बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने प्रदेश की बेटियों के जीवन में नई रौशनी और खुशहाली लाई है। यह केवल एक वित्तीय सहायता योजना नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए सम्मानजनक सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने नए जीवन की शुरुआत कर पा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि इस योजना को और अधिक प्रभावी व व्यापक बनाया जाए, ताकि इसका लाभ प्रदेश की हर जरूरतमंद बेटी तक पहुंचे। आने वाले समय में हम इसे और भव्य स्वरूप में आयोजित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले वर्ष में बड़ी संख्या में भव्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा किस इस तरह के आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों की में सहभागिता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को आगमी वर्ष में और अधिक भव्यता एवं व्यापकता के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से पात्र नवविवाहित जोड़ों को वर्तमान में 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें जीवन की नई शुरुआत में आर्थिक सहारा मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि आगामी वर्षों में इस योजना के दायरे को और अधिक विस्तारित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले सभी वर-वधुओं को हृदय से शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ और पवित्र है, आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि पंडित जी के मार्गदर्शन में कुल 85 जोड़ों का विवाह विधिवत रूप से संपन्न कराया गया है। अब ये सभी नवविवाहित जोड़े एक नई जिम्मेदारी के साथ जीवन की यात्रा आरंभ कर रहे हैं। आज से इन्हें यह स्वीकार करना है कि वे एक-दूसरे के जीवनसाथी हैं और उनके कंधों पर परिवार को प्रेम, समझदारी और सामंजस्य के साथ स्वर्ग जैसा बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में हमारी तात्कालीन सरकार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू किया गया। इस योजना के माध्यम से एक साथ कई जोड़ों का विवाह कराकर आर्थिक बोझ से राहत दिलाई गई। साथ ही, इस योजना को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और भव्य स्वरूप में लागू करने का कार्य वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आज राज्य सरकार की अनेक योजनाएं जनहित में क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। लोगों को इन योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उनके सुखद, समृद्ध और सौहार्दपूर्ण दाम्पत्य जीवन के लिए अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। साथ ही यह भी कहा कि उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस क्षेत्र में विकास की गति निरंतर आगे बढ़ रही है।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शासन की मत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के माध्यम से गरीब परिवार में बेटिंयां की विवाह की चिंता अपने उपर ली है। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़ों के विवाह के लिए 50 हजार रूपए व्यय किए जाते है। जिसमें 35 हजार रूपए हितग्राही को चेक के माध्यम प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही 15 हजार प्रोत्साहन सामाग्री के रूप में व्यय किए जाते है। इस अवसर पर बोड़ला श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , जिला पंचायत सभापति दीपा पप्पू धुर्वे , जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी , जिला पंचायत सभापति वीरेंद्र साहू , जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मणिराम साहू, जिला पंचायत सभापति राजकुमार मेरावी ने भी नव दम्पत्तियों को समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद प्रदान किया। मंच संचालन अभिषेक पाण्डेय ने किया।

## एक नजर

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 मई।** भिलाई लोगों को गुमराह कर ठगी करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी नितिन सोनी नेहरू नगर चौक सुपेला में अशोका बिरयानी के स्टाफ रूम का निवासी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बीते 21 अप्रैल की शाम प्रार्थी अरविंद कुमार मिश्रा की आकाशगंगा सुपेला स्थित दुकान में एक लड़का नितिन सोनी पहुंचा। नितिन ने अरविंद कुमार मिश्रा को मोबाईल रिपेयरिंग व नेक बैंक खरीदने संबंधी बात करते हुए झांसा दिया कि उसके पिता मार्केट में फंस गए हैं। धोखा देकर उसने 20 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिया और फरार हो गया। आरोपी इसी प्रकार विभिन्न स्थलों पर अपराध करता रहा है। 26 अप्रैल को प्रार्थी अरविन्द कुमार मिश्रा की इस रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 318 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर आरोपी नितिन सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मोबाईल रिपेयरिंग एवं नेक बैंक खरीदने की बात कर धोखा देकर करवा लिया था रकम ट्रांसफर।

### धमकी दी,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 1 मई।**भिलाई मछली दुकान व्यवसायी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अंडा थाने पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि प्रार्थी लक्ष्मण धीवर 32 वर्ष पिता देवराज धीवर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 अप्रैल को शाम 5.20 बजे आरोपी युवराज बांधे 22 वर्ष विराट नगर इंदिरा आवास उतई और मोहन सेठी 21 वर्ष स्टेशन मरोदा नेवई शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे मना करने पर उन्होंने गाली.गलौच की और जान से मारने की धमकी दी प्रार्थी की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफधारा 296. 351 .2 119(1) 3.5 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक रिकेश ने सीएम सहित कैबिनेट का माना आभार

**भिलाईनगर, 1 मई।** आज मंत्रि परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2 हजार 621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। आपको बता दें कि श्री सेन ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए विधानसभा सदन सहित मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से भी बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। श्री सेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे। उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर मैं लगातार सदन में मुखर रहा। मैंने सदन में इस बात को लेकर निवेदन किया कि कैसे इन बच्चों को रोजगार मिले और इस बात को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष भी रखा था। इसके बावजूद ऐसे सहायक शिक्षक बच्चे जहां भी मिलते थे, उनकी आंखों में आंसू होते। वो सभी काफी परेशान थे, ऐसा लगता था कि उनका जीवन खत्म हो चुका है लेकिन मैंने हमेशा उन बच्चों के सर पर हाथ रखा और इस बात का विश्वास दिलाया कि विष्णु साय जी की सरकार है, सुशासन की सरकार है, आप निश्चिन्त रहिए। आपको रोजगार से वंचित नहीं किया जाएगा। आज कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कैबिनेट ने कहा है कि सभी सहायक शिक्षक उन सभी को हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। आपको बता दें कि आज केबिनेट बैठक में अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए बीएड अर्हताधारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4 हजार 422 पदों में समायोजित किया जाएगा।



### मिडिल स्कूल भेंदली में किया गया अंक सूची वितरण,सभी छात्र छात्राएं हुए उत्तीर्ण

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेंदली में कक्षा छठवीं सातवीं के बच्चों को अंक सूची वितरण किया गया । प्रधान पाठक प्यारे सिंह राजपूत ने बताया कि सारे बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं सभी बच्चे बहुत खुश थे । इस अवसर पर टीचर्स श्रीमती वर्षा मानिकपुरी दशरथ निर्मलकर सर रेखू राम भट्ट के द्वारा बच्चों को मुंह मीठा कराकर भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । अंकसूची वितरण में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पालक शिक्षक बच्चे सभी उपस्थित रहे ।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी कार्यपालक अधिकारियों सहित कर्मचारियों की विदाई

**भिलाईनगर, 1 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2025 माह में कुल 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 16 सदस्यों सहित 09 कार्यपालक व 66 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम तथा कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



### नगर पंचायत उतई के विश्राम गृह में मनाया गया मजदूर दिवस

**उतई, 1 मई।** नगर कांग्रेस कमेटी उतई के तत्वाधान में नगर के विश्राम गृह में मनाया गया मजदूर दिवस सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात विश्राम गृह के कर्मचारियों को श्रीफ़ल एवं गमछा भेंट कर सम्मानित कर उन्हें मजदूर दिवस की बधाई दी गई साथ में सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ का स्वादिष्ट भोजन बोरी बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया गया इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर नेताम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र गोस्वामी सुरता सिंग गढ़े तोषण साहू पार्षद राकेश साहू द्वारिका साहू कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता भावेश साहू मुकेश साहू धनंजय नेताम तोरण ठाकुर थाना प्रभारी विपिन रंगारी पूर्व एंलडरमैन प्रेम नारायण साहू विश्राम गृह के कर्मचारी उपस्थित थे सभी ने मिलकर एक स्वर में सभी मजदूर भाइयों को मजदूर दिवस की बधाई प्रेषित की।

## अक्षय तृतीया पर प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी निकाली गई निगम भिलाई में



**भिलाईनगर, 1 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लॉटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं और मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको आज की लॉटरी में शामिल किया गया है। जिसमें 27 पात्र हितग्राहियों को आज के शुभ दिन के अवसर पर ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हे प्राप्त हो गया है। उन्होने बहुत खुशी व्यक्त किये कि आज के शुभ दिन पर हमें लॉटरी के माध्यम से हमारा मकान मिल गया। श्रीमती सुनीता बेलदार के आंखो में एक अलग ही प्रशन्नता थी। उन्होने बताया कि आज अक्ति तिहार के दिन हमें ब्लाक क्रं. 16 मकान नंबर 04 मिला, यह हमारे परिवार के लिए बहुत ही शुभ होगा। अब हम परिवार सहित अपने स्वयं के मकान में रहूंगी। हमें अब किराये के मकान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रमुख स्थल एनार स्टेट खम्हरिया के 04 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 04 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 18 मकान एवं माईट स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया के 01 मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से किया गया। जिसमें से 06 हितग्राही परदेशी साय को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 2, बासन नायक को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 1, मंजू जैन को ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 2, भागवत प्रसाद ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 3, चन्द्रशेखर जनबन्धु को ब्लाक क्रं. 16 मकान क्रं. 2 एवं पी महालक्ष्मी को ब्लाक क्रं. ए2 मकान क्रं. 2 के भूतल का मकान आबंटित किया गया। सभी ने कहा अक्षय तृतीया के दिन हमारा लॉटरी निकला है। हम लोग पुरा पैसा जमा करके अपने मकान में जल्द ही रहने जायेगें।आवास आबंटन के दौरान अधीक्षण अभियंता डी. के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, प्रभारी अधिकारी आवास विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।



### गांवों में अक्ती तिहार मनाया गया

**उतई, 1 मई।** अंचल के गांव उतई खोपली बारीडीह कातरो घुकसीडीह करगाडीह मचांदुर में अक्ति तिहार पर खेल ज्वारा का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें खेल ज्वारा को गली भृमण कर अक्ति तिहार का मजा लिए । इसी दरमियान अक्ति पुतरी पुत्रा का बच्चों दुवारा विवाह संपन्न कराया गया ।अक्ति तिहार मनाने के बाद ग्रामीण अंचलों में खेती बाड़ी की साफ सफाई की काम तीव्र गति से चालू हो जाता है ।किसान अक्ति पर्व में खेत में धान की बीज बुआई कर नया फसल के लिए नर्सरी तैयार करते है।

## विरेंद्र कुमार साहू प्रधानपाठक को एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान



**भिलाईनगर, 1 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय विद्यालयों में एफएलएन सह नवाजतन (नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षा) के तहत इक्कसवीं सदी के शिक्षण शास्त्र की चुनौती को स्वीकारते हुए 100त्न बच्चों को एफएलएन में दक्ष बनाने और कक्षा अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस राज्य स्तरीय एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान से दुर्ग जिला के नवाचारी विरेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना विकास खंड-पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ को सम्मानित किया गया है। प्रधानपाठक साहू जी के द्वारा विद्यालय में नवाचार,बच्चों में बुनियादी साक्षरता गणितीय कौशल बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़, श्री आशुतोष चावरे उपसंचालक, सुनील मिश्रा (एफएलएन प्रकोष्ठ), जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य, सभी उपस्थित रहे। प्रधानपाठक साहू जी ने शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर दुर्ग जिला का मान बढ़ाया है और नया कीर्तिमान स्थापित किया है।छत्तीसगढ़ में 1500 स्कूलों ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया था। उसमें नई शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों को स्वीकारते हुए 100त्न बच्चों में एफएलएन में दक्ष करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रकार राज्य में 100 शिक्षकों का चयन किया गया। इसी कड़ी में दुर्ग जिला से एक स्कूल प्राथमिक शाला चंगोरी पाटन के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू ने सभी मापदंडों एवं चुनौती को स्वीकारते हुए कक्षा कक्ष में भाषाई ज्ञान एवं गणितीय कौशल में दक्ष कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। और इस सम्मान के लिए चयन हुआ। चयन की प्रक्रिया बच्चों की ऑनलाइन आकलन एवं ऑफलाइन आकलन के द्वारा सम्पन्न हुआ।प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू विद्यालय एवं बच्चों की गुणवत्ता के लिए लगातार इनके द्वारा कार्य किया जा रहा है।इस कार्यक्रम को पुरी तरह राज्य रिसोर्स शिक्षक परिवार ने तैयार किया था,पुरे राज्य से 100 शिक्षको को सेलेक्ट करना इतना आसान नहीं था लेकिन टीम की कड़ी मेहनत और लगन ने ये काम कर दिखाया जिसमें आर के जलतारे, दीपेश पुरोहित, कविता देवांगन, आरती ठाकुर, सुमित पांडे, द्रोण साहू रीता मंडल, सभी का योगदान रहा।



### मोहलाई शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**उतई, 1 मई।** शासकीय हाई स्कूल मोहलाई के स्थानीय परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य लखन लाल साहू ने बताया कि विद्यालय के स्थानीय परीक्षा 71 प्रतिशत रहा। जानवी साहू ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, चिराग टंडन ने 90.83प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, मानसी निषाद ने 89.33प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय एवं मोनिशा निषाद ने 87.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य लखन लाल साहू ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा हेतु विद्यार्थी अभी से प्रतिदिन समय बद्ध नियमित पढ़ाई हेतु तैयारी कर ले। सफलता का केवल एक सूत्र है सतत परिश्रम। असफल छात्र निराश न हो कर अपनी कमजोरी दूर कर नियमित पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी।शाला के व्याख्याता अशोक कुमार साहू, अनिल कुमार मिंज, नीलेश श्रीवास्तव, गीतांजलि तिवारी, मुकेश तीरपूरे,कविता रगड़े, अभिषेक वाघेला, आशीष, रानी ने छात्र छात्राओं को बधाई दिए। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से सरपंच डॉ नरेन्द्र सिंह निषाद शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोमनाथ देवांगन एवं सभी पालकों ने छात्र छात्राओं को बधाई दिए हैं। मोहलाई शाला परिवार एवं ग्राम वासियों में हर्ष का माहौल है।

## फिल्म गुड़ंया-2 पूरे छत्तीसगढ़ में 2 मई से होने जा रही है प्रदर्शित



**भिलाईनगर, 1 मई।** एन माही फिल्म्स प्रोडकशन के बेनर तले एवं छॉलीवुड के हितैषी प्रोडयूसर मोहित साहू द्वारा निर्मित एक बेहतरीन छत्तीसगढी फिल्म गुइंया -2 बनकर पूरी तरह प्रदर्शन के लिए तैयार है। यह फिल्म शुक्रवार 2 मई से भिलाई दुर्ग के चन्द्रा टॉकीज, मुक्ता भिलाई 3, व्यंकटेश्वर टॉकीज, पीवीआर, अप्सरा,स्वरूप, के शेरा शेरा सहित प्रदेश के 60 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। फिल्म के निर्माता मोहित साहू ने हमारे संवाददाता से बताया कि नशा के कारोबार पर आधारित यह फिल्म में फूल एकशन, इमोशन और फेमिली ड्रामा के साथ ही हास्य और एक सुपरहीट फिल्म के लिए जो जो चीजें आवश्यक है वही सभी चीजें इस फिल्म में दर्शकों को देखने को मिलेगी। इसमें हास्य का भी जबर्दस्त तड़का है। श्री साहू ने आगे बताया कि पिछले लगभग डेढ साल पूर्व 8 दिसंबर 2023 को गुइंया फिल्म हमारे प्रोडक्शन हाउस द्वारा बनाया गया था जो पूरे प्रदेश में धूम मचाई थी और उस साल की ब्लॉक बास्टर फिल्म साबित हुई थी। फिल्म के हिरो अमलेश नागेश (भैरा काका) और दिलेश साहू पहली बार एकदम अलग और फूल एक्शन में नजर आये थे जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। दर्शकों की लगतार डिमांड के कारण हम फिर गुईंया का सिक्वल बनाये है, जो प्रदर्शन के लिए तैयार है और 2 मई को पूरे प्रदेश में रिलीज होने जा रही है। मोहित साहू ने आगे बताया कि जहां गुईंया पार्ट 1 खत्म हुआ था, वहीं से इस बार शुरूआत है, फिल्म के आखरी में लिखा था कि फिल्म अभी खत्म नही हुआ है, पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। इसलिए इस फिल्म की शुरूआत वही से हुई है। गुईयां- 1' में गांव के सीन ज़्यादा थे, %गुईयां- 2' में गांव और शहर दोनों आपको देखने मिलेगा। दूसरी ख़ास बात यह कि जो गुईयां-1' देख नहीं पाया होगा, वह भी %गुईयां- 2' को आसानी से समझ जाएगा। मेकिंग के समय छोटी सी छोटी बात का बारीकी से ध्यान रखा गया। फिल्म गुईंया 2 में इस बार जहां छॉलीवुड के चर्चित हिरो दिलेश साहू एक अलग ही अंदाज में नजर आयेंगे तो छॉलीवुड के प्रसिद्ध हिरो प्रकाश अवस्थी खलनायक की भूमिका में जबर्दस्त एकशन करते करते दिखाई देंगे।

# मैदान के अन्दर सीसी सड़क, निर्माणाधीन स्टेडियम से लगा खेलप्रेमियों को झटका





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी, 1 मई।** शासकीय धनराशि का दुरुपयोग किस तरह होता है इसे नगरीय निकाय क्षेत्र के एक मात्र खेल मैदान ग्रीन हिल पार्क क्रिकेट स्टेडियम से समझा जा सकता है। नगर पंचायत चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व आनन फानन में शुरू किए गए स्टेडियम निर्माण कार्य में पुरानी परिषद द्वारा इतनी हड़बड़ी दिखाई गई, कि बिना सीमांकन के शुरू किए गए निर्माण कार्य से मैदान का क्षेत्रफल ही घट गया है। यदि निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा खानापूर्ति की गई तो भविष्य में इस मैदान में क्रिकेट, हॉकी व फुटबाल के मैचों के लिए मैदान छोटा पड़ जाएगा। तथा इस निर्माण कार्य के औचित्य पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा होने लगेगा।

50 लाख की लागत से नगर के वार्ड क्रमांक 4 ट्राईबल कॉलोनी में नगर पंचायत द्वारा स्टेडियम निर्माण किया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व प्रारंभ किए गए स्टेडियम निर्माण के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इतनी जल्दबाजी दिखाई गई कि अब यदि निर्माणाधिन कार्य पूर्ण होता है तो स्टेडियम के निर्माण पर ही न केवल सवाल उठाने लगेंगे, बल्कि जिन उद्देश्यों को लेकर शासकीय धनराशि का खर्च किया जा रहा है, उस पर न केवल पानी फिर जाएगा बल्कि इस नगर व क्षेत्र हजारों खेल प्रेमियों को स्टेडियम निर्माण से निराशा झेलनी पड़ेगी।

### बिना सीमांकन शुरू किया गया स्टेडियम निर्माण

नगर के एक मात्र खेल मैदान जहां पर नगर पंचायत द्वारा स्टेडियम निर्माण कराया जा रहा है यह भूमि आदिम जाति कल्याण विभाग के स्वामित्व में है। ट्राईबल विभाग के इस खेल मैदान पर स्टेडियम निर्माण से पूर्व जमीन का सीमांकन किया जाना अतिआवश्यक था। शिकायत है कि मैदान की काफी जगह को आस पास निवास करने वाले लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। लेकिन चुनाव से पूर्व स्टेडियम निर्माण के लिए नगर पंचायत की पुरानी परिषद द्वारा इतनी शीघ्रता दिखाई गई कि मैदान का काफी कुछ हिस्सा एवं शासकीय जमीन मुफ्त में आस पास के लोगों में रेवड़ी की तरह बट गया है।

### निर्माण कार्य नई परिषद के लिए मुसीबत

मैदान का बिना सीमांकन शुरू किए गए स्टेडियम निर्माण का कार्य अब नगर पंचायत के नई परिषद के लिए न केवल मुसीबत बन गया है बल्कि शासन प्रशासन के लिए भी यह काम परेशानियों भरा हो गया है। कुछ दिनों पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने खेल मैदान का सीमांकन कराया, तो यह सच सामने आया, पुरानी परिषद द्वारा हड़बड़ी में मैदान के अन्दर ही सीसी सड़क बना दिया गया है। अब नई परिषद के लिए उलझन इस बात की है कि यदि सीसी सड़क को हटाया नहीं जाता है तो स्टेडियम का स्वरूप व क्षेत्रफल छोटा हो जाएगा। और यदि हटाते है तो हाल ही में बने सीसी सड़क में खर्च हुई राशि मिट्टी में चला जाएगा।

### श्रेय लेने की होड़ या कमीशन का खेल

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर पंचायत चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व शुरू किए स्टेडियम निर्माण कार्य को शासन प्रशासन का आदूरदर्शितापूर्ण कार्यवाही एवं पूरी तरह शासकीय धनराशि का दुरुपयोग करना बताया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि स्टेडियम निर्माण शुरू करने से पूर्व खेल मैदान का सीमांकन कराया जाना आवश्यक था। साथ ही मैदान के मालिक आदिम जाति कल्याण विभाग से समन्वय बना कर जमीन का स्वामित्व नगर पंचायत को लेना आवश्यक था। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी परिषद का यह काम पहली नजर में चुनाव में श्रेय लेने की हड़बड़ाहट नजर आती हैं। दूसरी बात निर्माण के लिए बिना प्लानिंग के जल्द बाजी दिखाना शासकीय धनराशि का आनन फानन खर्च कर काम की खानापूर्ति करना नजर आ रहा है।

# कलेक्टर ने नगर निगम के कार्यों का लिया जायजा

**राजनांदगांव,1 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज राजनांदगांव शहर में मूलभूत सुविधा पेयजल, साफ-सफाई का हाल जानने सुबह 7 बजे शहर के विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। कलेक्टर ने टांका घर का निरीक्षण कर टैंकर एवं गाडियों की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत एजुकेशन हब निर्माण का जायजा लेकर नालंदा परिसर निर्माण के लिए संभावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत समय पर टैंकर पहुंचे तथा पेयजल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण करने के लिए कर्मचारी तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कामठी लाईन, हलवाई लाईन में साफ-सफाई का जायजा लेकर कहा कि यह एक व्यवसायिक क्षेत्र है, इसलिये यहां दुकान खुलने के पहले सडघ्क एवं नाली की साफ-सफाई होने के बाद कचरा उठाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों का कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडघ्ी के माध्यम से करें तथा उनसे शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। पेयजल की वस्तु-स्थिति जानने के लिए उन्होंने ब्राम्हणपारा क्षेत्र का भ्रमण किया तथा पार्षद सुश्री मणीभास्कर गुप्ता एवं अन्य लोगों से चर्चा की। कुछ क्षेत्रों में पानी कम आने की शिकायत पर उन्होंने परीक्षण कर इसका समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने एजुकेशन हब निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण संबंधी कार्यों जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एजुकेशन हब का निर्माण लंबे समय से किया जा रहा है। निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाईन सुविधा देने शासन द्वारा नालंदा परिसर निर्माण की परिकल्पना को साकार करने राजनांदगांव में नालंदा परिसर निर्माण के लिए शिवनाथ महाविद्यालय के पास की संभावित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुसार विद्यार्थियों की ऑनलाईन पढघई के लिए वातानुकुलित लाईब्रेरी का निर्माण करना है तथा इसे मूर्त रूप देने के लिए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डामरीकरण के शेष कार्य बारिश के पहले करने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से मांग अनुसार वार्डों एवं आयोजनों में टैंकर के माध्यम से पेयजल की सप्लाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के लिए जेसीबी टिप्पर, टैक्टर भी सुबह निकल जाते हैं। इसी प्रकार विद्युत गैंग एवं जल विभाग का गैंग सुबह शिकायत के आधार पर लाईट मरम्मत तथा पाईप लाईन संबंधी शिकायतों का निराकरण करने वार्डों में जाते हैं। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री यूके रामटेके एवं नगर निगम के तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय सुरगी में मनाया गया अक्ती त्योहार



**राजनांदगांव,1 मई।** पं शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय सुरगी में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी के द्वारा अक्ती त्योहार मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रक्षेत्र के फार्म में बुवाई कर बीज डाला गया एवं छत्तीसगढ़ महतारी व धरती माता की पूजा करके खेत में हल चलाया गया इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में अक्ती त्योहार के बारे में बताते हुए प्राध्याप डॉ आर एन गांगुली ने बताया कि अक्ती त्योहार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक से जुड़ा बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है इसमें उन्होंने न केवल बीज व भूमि की पूजा की जाती है बल्कि धरती माता से अपनी गलतियों के लिए माफी भी मांगी जाती है व फसल बुवाई के पश्चात खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना भी की जाती है सभागार में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ नितिन कुमार तुर्रे ने अक्ती त्योहार के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला व इस कार्यक्रम का मंच संचालक सह प्राध्यापक डॉ द्विवेदी प्रसाद ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ संतोष कुमार साहू ने किया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे ।

# सहायक अभियंता कामना सिंह को सेवानिवृत्त होने पर निगम में दी गई विदाई

**राजनांदगांव,1 मई।** नगर निगम के सहायक अभियंता श्री कामना सिंह यादव सेवकाल के दौरान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुये। जिन्हें आज वी.सी हॉल में आयोजित बिदाई समारोह में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा एवं तकनीकि अधिकारियों की उपस्थिति में भावभिनी बिदाई दी गयी। बिदाई समारोह में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके व श्री दीपक खाण्डे ने श्री यादव को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा भविष्य निधि की राशि का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देकर यादव साहब आज सेवानिवृत्त हो रहे है। लम्बे समय तक कार्य करने से परिवार की तरह जुडाव हो जाता है, जिसके कारण सेवानिवृत्त होने पर तकलीफ तो होती है पर शासन नियमों के तहत सेवा मुक्त होना पडता है। लेकिन आप इस निगम परिवार के सदस्य है, इसलिये आप हमसे अलग नहीं है और भावनात्मक रूप से जुडे है। उन्होने कहा कि यादव साहब ने इंजीनियर के रूप में लगन से कार्य किया मेरे समय में उन्होंने वार्ड परिसीमन के कार्यो का बखूबी निर्वाहन किया, जिससे उनकी कार्य दक्षता परिलक्षित हुई। दिन रात अपनी टीम के साथ उन्होंने परिसीमन के कार्यो को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यगत कारणों से उन्हे अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में परेशानी आई, लेकिन आज वे स्वस्थ होकर सेवानिवृत्त हो रहे है, मै भगवान से उनके दीर्धायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता हॅू।कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि यादव जी के साथ काफी लंबा समय कार्य करने का मौका मिला, कुछ माह के अंतर में हम लोगो ने निगम में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि पहले के समय में नगरीय निकायों में संसाधनों की कमी थी पर कम संसाधन में भी श्री यादव ने अपने दायित्वो का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया, जो हमे सीख देती है, आज शासन के सेवानिवृत्त नियम के तहत अपने कार्यो से मुक्त हो रहे है। मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हॅू। सहायक अभियंता श्री यादव ने कहा कि मेरे सर्विस काल में छोटे से बड़े सभी अधिकारी कर्मचारी का पूरा सहयोग मिला और पारिवारिक वातावरण में कार्य करने का अवसर मिला जिसे मै कभी भुला नही पाउंगा। लगभग एक वर्ष से स्वास्थ्य खराब होने पर भी सभी का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिये मै निगम परिवार का सदा आभारी रहूंगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिव्य रथ को विधायक ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**भिलाई, 1 मई।** आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दिव्यांग,



वरिष्ठजनों के लिए निश्शुल्क बस सेवा का शुभारंभ सुपेला चौक पर किया। दिव्य रथ बस को घड़ी चौक पर सुबह साढ़े 10 बजे विधायक रिकेश सेन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को कमर पट्टा, वाकिंग छड़ी और व्हील चेयर वितरण भी किया ।विधायक रिकेश सेन ने कहा कि दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए निश्शुल्क बस सेवा की शुरुआत आज से की जा रही है। यह सेवा कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी), राजनांदगांव के माध्यम से संचालित होगी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और गुरुवार को निश्शुल्क बस दुर्ग-भिलाई से सीआरसी राजनांदगांव तक चलेगी। जिससे हमारे दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा, पुनर्वास, परामर्श और अन्य आवश्यक सेवाओं का सहज रूप से लाभ उठा सकेंगे। सेन ने कहा कि यह केवल एक बस सेवा नहीं बल्कि एक सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता एक और कदम है। दिव्यांग व वरिष्ठजनों की सेवा यह सुनिश्चित करती है ।

# पुलिस ने मारपीट व लूट के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव,1 मई।** ठाकुरटोला नाला के पास तीन लडके एक सफेद रंग की स्कूटी से आकर पैदल दुर्ग जा रहे व्यक्ति को रोककर मारपीट कर मोबाईल फोन व बैग को लूटने तथा पारीनाला के पास ट्रक को रूकवाकर ड्रायवर के साथ गाली गलौच कर चाकू मारने वाले अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 82/2025 धारा 309(4), 309(6), 3(5) बीएनएस तथा थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 199/2025 धारा 109(1), 296,351(2),3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया बाद पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना सोमनी पुलिस, थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल की टीम गठित कर आरोपी पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना पर से संदेही धनेन्द्र साहू एवं 02 अपचारी बालको को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी धनेन्द्र साहू अपने दोस्तो के साथ घटना दिनांक 28.04.2025 को उर्स देखने राजनांदगांव आते समय रात्रि करीबन 01:20 बजे ठाकुरटोला टोलप्लाजा के आगे ठाकूरटोलानाला के पास पैदल दुर्ग की ओर जा रहे एक व्यक्ति को रोककर मारपीट कर चाकू मारना तथा उस व्यक्ति के बैग व मोबाईल फोन छीनकर कर उर्स देखने राजनांदगांव जाना, बैग में रखे 2000/- रूपये मे से 1050/- रूपये को खाने पीने में खर्च करना तथा बचत पैसे को आपस में बाटना व उर्स देखकर वापस रायपुर जाते समय पारीनाला के पास ट्रक वाले को रूकवाकर गाली गलौच करना व अपने दोस्त द्वारा ट्रक ड्राईवर को चाकू मारना तथा भीड को देखकर वहॉ से भागना बताया। आरोपी धनेन्द्र साहू के निशानदेही घटना में प्रयुक्त एक्टीवा, चाकू लूट के 350/- रूपये तथा विधि से संघर्षरत बालको से मोबाईल व नगदी रकम 600/- रूपये को जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन,थाना सोमनी के निरीक्षक सत्यानारायण देवांगन, प्र0आर0 डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आर0 सहबाज सिद्धिकी, थाना कोतवाली से निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, उनि रतन सिंह नेताम एवं सायबर सेल टीम राजनांदगांव का सराहनीय योगदान रहा है।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का घर-घर दस्तक देकर हो रहा निराकरण

**धमतरी, 1 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आमजनों के लिए उनकी समस्या को दूर करने का सुनहरा अवसर बनकर सामने आया है। इस त्यौहार में शामिल लोगों ने भरोसा है कि विष्णु के सुशासन में उनकी समस्याओं का समाधान जरूरी होगा। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति ने अपनी-अपनी समस्या संबंधी आवेदन समाधान पेटी में डालकर समाधान की उम्मीद लगायी है। अभियान के अंतर्गत अब सरकारी तंत्र घर-घर, गली-मोहल्ला गांव-गांव पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रही है।

# हम गांवों के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं:रविन्द्र वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 1 मई।** जिला भाजपा राजनांदगांव महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मगरधोकरा के ग्राम रियाटोला में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से 6.50 लाख रू राशि से मां शीतला भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि हम गांव के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से 6.50 लाख रू राशि मां शीतला मंदिर भवन के लिए स्वीकृत किया गया है।जिसका आज भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गया है। निश्चित रूप से भवन निर्माण होने से ग्राम वासियों को मंदिर



के नया भवन मिलेगा। मां शीतला का आशीर्वाद सदैव ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों पर बना रहे । छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु का सुशासन है। और मोदी जी की गारंटी है। निश्चित रूप से विकास के कार्यो को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया सदस्य प्रतिनिधि श्री राजकुमार निषाद ग्राम पंचायत मगरधोकरा सरपंच कमलेश सेवता, उप सरपंच गुलाब राम साहू, ग्राम ईश्वर कंवर, पंच बैदराज भगत जी /बिरझू कंवर रोहित साहू पंच रीवाटोला ग्राम पटेल डकवार दास वैष्णव जी ग्राम प्रमुख धर्मेंद्र कंवर विनोद वैष्णव ग्राम के वरिष्ठ नागरिक साधु राम नेम कीर्तन कंवर कुंज कंवर जीवनलाल पाल नर्सोत्तम वैष्णव कृष्णा दुखू पाल राजकुमार पाल किशन संजय वैष्णव पांचू कंवर राम साहू ईश्वर साहू लखन साहू बहरून पटेल कुंवर सिंह एवं समस्त ग्रामवासी रियाटोला सभी नागरिक गण की उपस्थिति में भूमि पूजा का पूजा अर्चना किया।

# साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण और वैभवशाली :अरुण साव

**राजनांदगांव, 1 मई।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जिले के घुमका नगर पंचायत में आयोजित तहसील, परिक्षेत्रीय एवं ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने भक्त माता कर्मा जयंती और दानवीर भामाशाह जयंती की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में घुमका को नगर पंचायत बनाया गया है। इसके लिए डेढ़ करोड़ रूपए विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि घुमका नगर पंचायत के विकास कार्यो के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा की गई है।



उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण और वैभवशाली होने का प्रमाण है। भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह, राजिम माता साहू समाज की प्रेरणा है। कर्मा माता के इस त्याग एवं तपस्या से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। समाज की विशेषता एवं ताकत ईमानदारी और मेहनत है। समाज अपनी ईमानदारी और मेहनत से शिक्षा, रोजगार, व्यापार, राजनीतिक सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आचरण और व्यवहार से सभी समाज के साथ मिलकर रहने वाला समाज है। यह साहू समाज की विशेषता और ताकत है। सभी समाज के साथ अच्छा और सद्भावनापूर्वक संबंध होता है। उन्होंने दानवीर भामाशाह की जयंती पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह प्रखर राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप की सेना को सशक्त बनाने के लिए पूरी संपत्ति दान कर दिया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा गांव, गरीब और किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर सेवा की जा रही है। हर गरीब परिवार के घर में शौचालय का निर्माण, मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन, मुफ्त में 5 लाख रूपए तक ईलाज, प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनाकर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहू समाज को ईमानदारी और मेहनत को बचाकर रखना है वहीं समाज की पहचान और ताकत है।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि माता कर्मा का दूसरा नाम प्रेम है। भगवान श्री कृष्ण के प्रति प्रेम और स्नेह माता कर्मा की पहचान है। माता कर्मा की खिचड़ी खाने के लिए भगवान स्वयं आए। उन्होंने कहा कि साहू समाज मजबूत समाज है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति बड़ा नहीं होता है समूह ताकत देती है तो वह बड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में साहू समाज का अनुकरण करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के विकास के लिए अनेक बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बिना मांगे महतारी वंदन योजना के अंतर्गत माताओं के लिए प्रति माह 1 हजार रूपए दे रहे हैं। विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल ने माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता कर्मा अपनी भक्ति से भगवान श्री कृष्ण को प्रसन्न किया। माता कर्मा जयंती पूरे क्षेत्र में साहू समाज संगठित होकर समारोह मना रहा है। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा और एकता बहुत जरूरी है। अध्यक्ष जिला साहू संघ श्री भागवत साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन तहसील साहू संघ घुमका के अध्यक्ष श्री मंथीर साहू ने दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री विभा साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक श्री भुनेश्वर बघेल, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एवं साहू समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# सेना को खुली छूट देने से देशवासियों में प्रसन्नता : खेमचंद

**राजनांदगांव,1 मई।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के



सोशल मीडिया प्रभारी खेमचंद (बंटी) वर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा सैलानियों की निर्मम हत्या के बाद भारत का धैर्य टूट गया है। अब केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर राजनीतिक और कूटनीतिक तथा सैन्य दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इससे देशवासियों में प्रसन्नता का वातावरण तैयार हो गया है। वही आतंकवाद पालने पोसने वाले पाकिस्तान की जमकर किरकिरी की जा रही है। घटना के बाद पहले सिंधु नदी जल रोका गया जो स्वागतय निर्णय था। अब उसके बाद सेना को पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों और वहां की सेना से निपटने की खुली छूट देने के निर्णय का भी जमकर स्वागत हो रहा है। निश्चित रूप से अब भारत की आतंकवाद की समस्या के समाधान का वक्त आ गया है। चाहे वह देश के अंदर नक्सलवाद की बात हो या विदेशी आतंकवाद की बात हो। बिना कठोर निर्णय के समस्या का हल होना लगभग असंभव प्रतीत हो रहा था। वर्मा ने आगे कहा कि गत दिवस 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

# कलेक्टर ने सेमलनार में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों से की चर्चा

- ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और आवश्यकताओं का लिया संज्ञान
- खाद्यान्न भंडारण में लापरवाही के लिए फूड इंस्पेक्टर को स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 01 मई।** प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंडों में ग्राम पंचायतों में जनचैपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस एस ने बुधवार को विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत सेमलनार में आयोजित जन चैपाल का निरीक्षण किया। जन चैपाल में उन्होंने स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की उपलब्धता, बच्चों और लक्षित माताओं का स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, पेयजल व्यवस्था, हैंड पंप, सोलर ड्यूल पंप, जल जीवन मिशन के कार्यों, उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न सामग्री की नियमित उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, राजस्व और पंचायत विभाग के मैदानी अमलों की ग्राम पंचायत में उपस्थिति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं, मनरेगा, पीएम आवास योजना के सर्वे, आवास योजना की प्रगति, सामाजिक पेंशन का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की गांव में नियमित उपस्थिति का संज्ञान लिया। ग्राम पंचायतों में आयोजित जनचैपाल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में शिक्षा, आँगनबाडी, राशन व्यवस्था, जल जीवन मिशन,सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चैपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

## कलेक्टर ने बस्तर के हितग्राहियों को प्रदान किया नवीन राशन कार्ड



**जगदलपुर 01 मई।** जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण की प्रक्रिया तेजी के साथ जारी है। विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य से प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को जन चैपाल कार्यक्रम में शामिल होने विकासखंड बस्तर पहुंचे कलेक्टर श्री हरिस एस ने नए राशन कार्ड बनाने और राशन कार्ड में नाम जुड़वाने वाले हितग्राहियों को कार्ड वितरण किया। नगर पंचायत बस्तर के निवासियों द्वारा सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण में नया राशन कार्ड बनाने के लिए सोनादई, ललिता, बालमति और कमली एवं सुखदई ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के तहत आवेदन किया था। इस सभी हितग्राहियों ने नवीन राशन कार्ड प्राप्त होने पर प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए राज्य शासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## एक नजर



### परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा में महापौर संजय पांडे शामिल हुए

**जगदलपुर, 01 मई।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार, ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी व आदिगुरु शंकराचार्य जी के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस रैली में महापौर संजय पांडे पांडे, नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप, संजीव शर्मा, रंजीत पांडे, कौशिक शुक्ला, नीलकंठ पांडे, प्रसून ठाकुर, पंडित प्रकाश गोस्वामी, नरसिंह राव, प्रकाश झा, रोशन झा, विपिन तिवारी, जबीता मंडावी शहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### टेम्पल कमेटी में पूजा भोग सामग्री आपूर्ति के लिए 16 मई तक मूल्यकथन प्रस्ताव आमंत्रित

**जगदलपुर 01 मई।** व्यवस्थापक टेम्पल कमेटी एवं तहसीलदार जगदलपुर द्वारा टेम्पल कमेटी के मंदिरों में पूजा भोग सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से 16 मई 2025 तक तहसील कार्यालय जगदलपुर में सीलबंद लिफाफे में मूल्यकथन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

टेम्पल कमेटी के अंतर्गत संचालित 21 मंदिरों में पूजा भोग-रूसुम 2025 के अंतर्गत किराना सामग्री, चावल मासूरी, राहल दाल, आटा, घी, चिराग तेल, अगरबती, मिर्च खड़ा, नमक आयोडिन युक्त, हल्दी पिसी, जीरा, मेथी इत्यादि सामग्रियों की आवश्यकता है। नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त मूल्यकथन प्रस्ताव 19 मई को दोपहर 03 बजे तहसील कार्यालय जगदलपुर में खोली जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों को मान्य नहीं किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर 01 मई।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 05 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

जिसके तहत् तहसील जगदलपुर ग्राम विजय वार्ड डोकरीघाट पारा निवासी निर्मलेश पानीग्राही की मृत्यु पानी में डूबने से भाई श्री योगेश पानीग्राही को और तहसील बास्तानार ग्राम बड़े किलेपाल (कोलुपारा) निवासी कुमारी कर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से पिता श्री लच्छु को ग्राम पालानार निवासी हिड़में की मृत्यु सांप काटने से पुत्र श्री सपे पोयाम को, तहसील तोकापाल ग्राम बड़े पाराकोट निवासी मानसाय बघेल की मृत्यु आग में जलने से भाई श्री माहंगू को और ग्राम बड़ेमोरठपाल निवासी किरन की मृत्यु सांप काटने से पिता श्री बोटी को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# बस्तर के सुखद भविष्य के लिए समन्वय के साथ करेंगे उद्‌योगों का विकास:कमिश्नर

- बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हो रही सार्थक पहल
- कमिश्नर कार्यालय के सभागार में अधिकारियों व चेंबर आफ कामर्स की बैठक आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 01 मई।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार तथा स्थानीय उद्यमियों के मध्य बेहतर समन्वय जरूरी है, जिससे स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापना सहित सेवा उद्योग-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिल सके। इन सभी समन्वित प्रयासों से उद्योगों के विकास के साथ ही रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी को बल मिलेगा और बस्तर एक सुखद भविष्य की ओर अग्रसर होगा। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं की समन्वय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस दिशा में अभी हाल ही में जगदलपुर में आयोजित विकसित बस्तर की ओर परिचर्चा में बस्तर संभाग के विकास में उद्योगों की अहम भूमिका को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुई है। जिसे मूर्त रूप देने के लिए बस्तर संभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ खनिज आधारित, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन उद्योगों की असीमित संभावनाओं को साकार करने का रोडमैप तैयार किया गया है।

बुधवार को आयोजित बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री श्याम सोमानी ने नगरनार स्टील प्लांट के रिकार्ड उत्पादन के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों को बधाई देते हुए स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों और नगरनार स्टील प्लांट की भागीदारी से बस्तर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण निर्मित करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को नगरनार स्टील प्लांट के सहायक उद्योग का दर्जा देने एवं सहायक उद्योगों के साथ अनुबंध निष्पादित करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को प्रस्ताव भेजने पर सहमति दी गई। वहीं नगरनार स्टील प्लांट के संचालन हेतु आवश्यक छोटी-छोटी मशीनरी वस्तुओं और वाहनों, डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर आदि सेवा उद्योगों एवं व्यवसाय के लिए स्थानीय स्तर पर आपूर्ति एवं सेवा देने 25 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करने भी प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को प्रेषित किए जाने सहमति जताई गई। साथ ही नगरनार स्टील प्लांट के मुख्य एवं सहायक उत्पाद कोलतार क्रुड, पिग आयरन, क्वाइल, स्लैग, सल्फर इत्यादि पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आगामी 15 दिवस के भीतर नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों द्वारा सयुंक्त रूप से प्लांट अवलोकन करने सहित समन्वय बैठक करने का निर्णय लिया गया।

## वनमंत्री केदार कश्यप ने दी क्षेत्रवासियों को 1 करोड़ 18 लाख की सौगात



- बस्तर को संवारने भाजपा का संकल्प, तेजी से बढ़ रहा है हमारा बस्तरः कश्यप

**जगदलपुर/ नारायपुर, 01 मई।** वनमंत्री केदार कश्यप एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रवास के दौराण आज उन्होंने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में क्षेत्रवासियों को करोड़ों की सौगात दी। वन मंत्री केदार कश्यप करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे बस्तर संभाग के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की भाजपा सरकार सहित केंद्र की मोदी सरकार भी बस्तरवासियों के साथ है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के विकास कार्यों और नियद नेल्लानार जैसे योजनाओं के क्रियान्वयन से बस्तर नक्सल मुक्त क्षेत्र की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना अब साकार होने लगा है। भाजपा सरकार के नियद नेल्ला नार योजना ने बस्तर के उन क्षेत्रों में मूलभुत सुविधाओं और अवश्यकताओं को पूर्ण करने का कार्य किया है जहाँ आजादी के 70 साल बाद भी कांग्रेस की सरकार पहुंच नहीं पायी। वनमंत्री ने कहा कि हमारा बस्तर अब हर दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वनमंत्री केदार कश्यप ने आज ग्राम पंचायत मांदलापाल, कुंगारपाल, बाकेल, भानपुरी में आंगनबाडी केंद्र, सांस्कृतिक मंच, चबूतरा, सीसी सड़क निर्माण, विभिन्न स्थानों पर हाई मास्क लाइट की व्यवस्था जैसे करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन कर क्षेत्र वासियों को 1 करोड़ 18 लाख रूपये का सौगात प्रदान किया है।

## सीएसईबी की लापरवाही से किसानों को 40 बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**कोरबा 01 मई।** कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत छुरीकला नगर के समीप ग्राम लोतलोता और पुरैनाखार में सीएसईबी द्वारा राखड बांध बनाने हेतु 30 से 40 किसानों को उचित मुआवजा दे कर भूमि अधिग्रहण किया गया। सीएसईबी प्रबंधन की लापरवाही से 10 किसानों का मुआवजा भूमि सत्यापन नहीं होने से रोक दिया गया जिसके मुआवजा भुगतान को लेकर किसानों द्वारा मांग की जाती रही। 40 साल बाद जिला प्रशासन द्वारा उक्त मुआवजा राशि भुगतान मामले की जनसुनवाई 30 अप्रैल बुधवार को ग्राम लोतलोता ग्राम पंचायत भवन में ग्राम सरपंच श्रीमती रामेश्वरी मझंवार , श्रीमती शारदा लता यादव जनपद सदस्य , संजय कुमार जात्रा अध्यक्ष सहायक प्राध्यापक ए के गुरुकुल कॉंलेज ढ़ेलवाडीह ,पूर्व पुनरूव्यवस्थापन विशेषज्ञ ए केरकेट्टा सेवानिवृत्त तहसीलदार, परियोजना तकनीकी विशेषज्ञ मानसिंह कंवर उप अभियंता लोक निर्माण कटघोरा, चंचल ध्रुव सीएसईबी कार्यपालन अभियंता, विक्रांत तंवर और हल्का पटवारी परमेश्वरी कंवर, ग्राम सचिव श्रीमती सरस्वती महंत एवं भू विस्थापित ग्रामीणों की उपस्थिति में जन सुनवाई की गई। जन सुवाई में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि ग्राम लोतलोता में सन 1985-86 में सीएसईबी द्वारा राखड बांध बनाने हेतु 30-40 किसानों के उपजाऊ भूमि को उचित मुआवजा एवं भू अर्जन किसानों को सीएसईबी द्वारा सारी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दे कर अधिग्रहण किया गया था परंतु 10 किसानों के भूमि भू अर्जन करने के बाद भी सीएसईबी प्रबंधन द्वारा 40 साल से मुआवजा रोक दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा 10 किसानों मे से 3 किसान बिराखन पिता तीज राम , महेत्तर दास पिता अनिदास ,रामरतन पिता बिकूल राम से की गई भू अर्जन की जन सुनवाई की गई तथा 7 किसानों के किये गये भू अर्जन भूमि को निरीक्षण कर भूमि सत्यापन कर फिर से जनसुनवाई किये जाने की बात कही गई । जन सुनवाई के दौरान किसान सीएसईबी द्वारा मुआवजा भुगतान में किये जा रहे लापरवाही व विलंब पर प्रबंधन के खिलाफ आक्रोशित नजर आये। ग्रामीण इतवार साय पिता हीरा साय 0.607 हेक्टेयर , छत्रपाल पिता बरातू राम 0.607 हे. धरम पिता धीरा साय 0.466 हे. ,मदन पिता टिकैत राम 0.048 हे., संदीप साहू पिता कृष्णा धर 0.048,हे. सुनती बाई पिता विजय 0.048 हे. इन किसानों के जमीन को भू अर्जन किया तो गया है परंतु मुआवजा राशि भुगतान, नौकरी, पुनर्वास आज 40 वर्ष बीत जाने के बाद नहीं किये जाने से सीएसईबी प्रबंधन की लापरवाही साफझलक रही है ।

## सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा 01 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर, बुधवारी बाजार कोरबा ने अपने वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष का सफ्लता प्रतिशत 98.16ः रहा, और अधिकतर कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। विद्यालय में लगभग 3000 छात्र-छात्राएं हैं और सभी ने उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया था। परिणाम की घोषणा के साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य मुख्य अतिथि विकास जोशी ने छात्रों को निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर विकास जोशी ने कहा कि यह परिणाम मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का फ्ल है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को सराहा। समारोह में मेधावी छात्रों को शील्ड और प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावक, माताएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले विद्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 29 अप्रैल को कक्षा 1 से 4 तक का परिणाम घोषित किया गया था, जबकि 30 अप्रैल को कक्षा 6, 7, 9 और 11 का परिणाम घोषित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण और शिक्षकों की मेहनत से ही छात्रों का परिणाम इतना अच्छा आया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



**जगदलपुर, 01 मई।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिक निगम में करोड़ों के निर्माण कार्यों का क्षेत्रवासियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने दी सौगात। जगदलपुर की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक सड़क निर्माण 05 किलोमीटर चौड़ीकरण निर्माण कार्य लागत 27 करोड़ 91 लाख रूपए, कैलाश होटल चौक के सामने से हनुमान मंदिर धरमपुरा दलपत सागर तक 01 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य लागत 02 करोड़ 51 लाख रूपए, विवेकानंद आश्रम धरमपुरा से नेगीगुड़ा होते सर्वोदय स्कूल तक 1.45 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जनमानस संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा हमारा सपना अब साकार होने लगा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बह रही है। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी व उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी का सहृदय आभार व्यक्त किया। जगदलपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र की देवतुल्य जनता की वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग रही है । जिसके कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक के सड़क की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से जनता को यातायात बाधित की समस्या से निजात मिलेगा। सड़क निर्माण से दुर्धटना नहीं होगी। वहीं कैलाश होटल चौक के सामने से हनुमान मंदिर धरमपुरा चौक तक सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण तथा विवेकानंद आश्रम धरमपुरा से नेगीगुड़ा होते सर्वोदय स्कूल तक के सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा। हमारी सरकार जनता के मांग के अनुरूप लगातार क्षेत्र का विकास कार्य कर रही है।

## रिटायर्ड अधिकारी संघ ने पहलगाम में दिवंगत 27 भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की




**रायपुर, 01 मई।** चौबे समता कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी संघ द्वारा गायत्री भवन समता कॉलोनी के सभागार में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पहलगाम में निर्दोष 27 भारतीयों कि आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन रख विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत भारतीयों में समता कॉलोनी निवासी स्वर्गीय दिनेश मिरनिया (अग्रवाल)भी शामिल थे उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर संघ के संरक्षक पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गेश मिश्रा पूर्व आईपीएस प्रदीप नारायण तिवारी, पूर्व शिक्षा विनियमन आयोग के अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार शुक्ला, पूर्व सयुंक्त कलेक्टर अशोक तिवारी,अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिंतक, लेखक कवि संजीव ठाकुर पूर्व माइनिंग अधिकारी अध्यक्ष संजय शर्मा पूर्व वन विभाग के अधिकारी चंद्रकांत पांडे, मछली विभाग के राजेंद्र सिंह ठाकुर पवन कुमार दुबे, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, समाजसेवी भूपेंद्र शर्मा, रिटायर्ड बैंक अधिकारी आईडी मानिकपुरी साथ ही वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल एवं अन्य नगरीकरण भी मौके पर उपस्थित थे। इस अवसर पर पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा का प्रस्ताव पारित किया एवं संघ ने शासन प्रशासन को संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव भी पारित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजनी कुमार शुक्ला ने किया।

# सर्व गुप्ता समाज ने किया गुप्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

- कुल 6 टीमों ने लिया हिस्सा
- कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के मैदान में किया गया।
- विजेता टीम को ट्राफी समेत 31000 रुपये का चेक प्रदान किया गया
- समापन कार्यक्रम में विधायक समेत जिपं अध्यक्ष व कई जनप्रतिनिधि पहुँचे
- भाजपा जिलाध्यक्ष की बॉल पर विधायक ने मारा चौका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम, 01 मई।** दन्तेवाड़ा जिले के व्यवसायिक नगरी गीदम में पहली बार सर्व गुप्ता समाज द्वारा गुप्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के मैदान में 21 अप्रेल से आयोजित इस टूर्नामेंट में सर्व गुप्ता समाज से कुल 6 टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे फाइनल मुकाबला बुधवार देर रात एमआर ग्लैडीएस व जेएमडी 11 के बीच हुआ ।

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने किया , विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिपं अध्यक्ष कमला विनय नाग , भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, विजय प्रसाद तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता, मनीष सुराणा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे , वही कार्यक्रम के विशेष अतिथि माधुरी गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, प्रमिला सुराणा सरपंच ग्राम पंचायत हारम, नगर पंचायत सीएमओ हुलसी प्रधान थाना प्रभारी विजय पटेल , पार्षद अवधेश गुप्ता ,श्रीकांत राव , दिलीप सोनी , खिलावन सागर,विजय दुबे प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर गीदम , दयाशंकर गुप्ता व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर गीदम , सर्व गुप्ता समाज के सभी संरक्षक, सर्व गुप्ता समाज के सभी पदाधिकारी, सर्व गुप्ता समाज की महिलाएं एवं बच्चे, अन्य समाजों से भारी संख्या में आए दर्शकगण मौजूद रहे।

वही आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी खिलाड़ियों , स्पॉन्सरो , पदाधिकारियों , समाजजनों, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, दर्शकों व समस्त क्रिकेट प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

### विधायक व जिपं अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सराहना की

कार्यक्रम में पहुँचे विधायक चैतराम अटामी , जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामि व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मैदान में उतरे सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया इसके बाद सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके साथ ही विधायक ने भाजपा जिलाध्यक्ष की बॉल पर 2 चौके लगाए । कार्यक्रम की सराहना करते हुए विधायक चैतराम ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए इससे दबे खिलाड़ियों की प्रतिभा उभरती है साथ ही समाज मे ऐसे आयोजनों से एकता की भावना जागृत होती है। इसके साथ ही जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामि ने भी कार्यक्रम की सराहना की और सभी समाज मे इस तरह के आयोजन होते रहने की बात कही।

### एमआर ग्लैडीएस की टीम रही विजेता, उपविजेता रही जेएमडी-11

21 अप्रेल से आयोजित गुप्ता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में एम आर ग्लैडीएस , जेएमडी 11 , भगवा वारियर्स , ब्लैक पेंथर , आरआर 11 एवं मिडनाइट वारियर कुल 6 टीमो ने हिस्सा लिया था जिसमे फाइनल मैच एमआर ग्लैडीएस व जेएमडी 11 की टीम के बीच हुआ , 15 ओवर के इस मैच में टॉस जीतकर एमआर की टीम ने बल्लेबाजी बाजी करते हुए 3 विकेट खोकर कुल 175 रन बनाए वही जेएमडी 11 की टीम भी अपना 3 विकेट खोई लेकिन 15 ओवर की बॉल में 162 रन में ही सिमट गई जिससे एमआर ग्लैडीएस की टीम विजयी हासिल हुई । इधर विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा ट्राफी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा 31000 रुपये का चेक प्रदान किया गया वही उपविजेता टीम रही जेएमडी 11 को आयोजन समिति द्वारा ट्राफी समेत 21000 रुपये का चेक पुरुष्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके साथ ही दो टॉप बल्लेबाज जिसमे जेएमडी 11 की टीम से सतीश गुप्ता जिन्होंने 36 बॉल में 88 रन 8 चौके व 7 छक्के लगाए वही एमआर की टीम से रितिक शिवहरे जिन्होंने 50 बॉल में 75 रन 11 चौके व 2 छक्के लगाए दोनों टॉप बल्लेवाजो को विशेष रूप से भी शील्ड भेंट कर धनराशि से पुरष्कृत किया गया , वही रितिक को मैन आफ द सीरीज भी दिया गया ।

# श्रवण कुमार की परंपरा अपनाकर सरकार बुजुर्गों को करा रही तीर्थयात्रा:ओपी चौधरी



**रायगढ़, 1 मई।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 800 तीर्थ यात्रियों को लेकर रायगढ़ स्टेशन से रवाना हुई। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार श्रवण कुमार की परंपरा को अपनाकर प्रदेश के बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रही है।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। क्योंकि हमारे रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ अंचल के तीर्थ यात्री मथुरा एवं वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। हम सभी के परिवार के वृद्ध जनों की प्रबल इच्छा होती है कि वे अपने जीवन में तीर्थ यात्रा पर जाए। लेकिन कई बार आर्थिक एवं व्यवस्थागत समस्याएं सामने आती है। जिसके चलते बड़े बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा का सपना पूरा नहीं हो पाता। इसे ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुन: प्रारंभ किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनके अगुवाई में हमारी सरकार श्रवण कुमार के आदर्शों को अपनाकर वृद्ध जनों को तीर्थ यात्रा करवा रही है। तीर्थ यात्रा का यह क्रम निरंतर रूप से जारी रहेगा। इस अवसर पर सांसद लोकसभा श्री राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री श्री साय एवं वित्त मंत्री श्री चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्रयासों से राज्य के वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा में जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। जिससे उनका भी जीवन सार्थक हो रहा है। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनर्प्रारंभ किया गया है। योजना अंतर्गत पूर्व में वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजन शामिल थे, लेकिन वर्तमान में योजना अंतर्गत विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है।इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, जिला पंचायत सभापति श्री बृजेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, लक्ष्मी पटेल, जनपद अध्यक्ष रायगढ़ सुजाता चौहान, श्री सुरेश गोयल, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री मुक्तिनाथ बबुआ, श्री अमित शर्मा, श्री अरूणधर दीवान, श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पांडे, श्री मुकेश जैन, श्री अशोक यादव, श्री पवन शर्मा, श्री बलबीर शर्मा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, एडिशनल सीईओ श्री महेश पटेल, उपसंचालक समाज कल्याण रायगढ़ श्री शिव शंकर पाण्डेय व जशपुर श्री टी.पी.भावे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

### 800 यात्रियों को लेकर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन तीर्थ यात्रा के लिए हुई रवाना

रायगढ़ रेलवे स्टेशन से आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ के कुल 800 यात्रियों को लेकर मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि एवं वृंदावन के लिए रवाना हुआ। जिसमें रायगढ़ जिले से कुल 273 तीर्थ यात्री शामिल है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 205 एवं शहरी क्षेत्र से 68 तीर्थ यात्री शामिल है। इसी तरह जशपुर से 391 तथा सारंगढ़ से 116 इस तरह कुल 750 तीर्थ यात्री तथा तीनों जिलों के 20 अनुरक्षक मिलाकर कुल 800 यात्री शामिल है। जो 01 मई को मथुरा, दोपहर को वृंदावन तथा 2 मई को कृष्ण जन्मभूमि का दर्शन कर 3 मई को रायगढ़ वापसी करेंगेपारंपरिक गाजे बाजे के साथ हुआ तीर्थ यात्रियों का स्वागत, फूलों से सजाई गई ट्रेन, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साहमथुरा वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पारंपरिक गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। उन्हें लेकर जा रही भारत टूरिस्ट ट्रेन को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं में भी इस सफर को लेकर उत्साह नजर आया। पूरी ट्रेन एयर कंडीशंड है। तीर्थ यात्रियों की सहूलियत के लिए ट्रेन में रेलवे स्टाफ के साथ ही 7 विभागीय स्टाफ भी रवाना हुए। इनमें डॉक्टर भी शामिल है।

## एक नजर

### गांव-गांव में ली गई जल संरक्षण की शपथ




**रायगढ़, 1 मई।** रायगढ़ जिले के गांव-गांव में जल संरक्षण कल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने, जल का उचित उपयोग करने के तरीकों के बारे में सिखाने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने जैसे कई गतिविधियों को बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम ग्राम पंचायत सराईपाली जनपद पंचायत तमनार उड़ान संकुल संगठन सराईपाली में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण के उपाय एवं महत्व के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान तकनीकी सहायक द्वारा जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई गई। इसी तरह ग्राम पंचायत तमनार के डोलेसरा क्लस्टर, पुसौर ब्लाक के ओड़ेकेरा क्लस्टर में भी जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया एवं शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गांव के सरपंच, पंच, बीडीसी, पीआरपी, सीएलएफ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट मेला का आयोजन 2 मई को

**रायगढ़, 1 मई।** योग्य अभ्यर्थियों/ युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 2 मई 2025 को प्रात: 10 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें केसर अर्थ साल्यूशन केसर टॉवर रायपुर (जॉब लोकेशन रायगढ़)तथा ओम ऑटोमोबाइल्स प्रा.लिमिटेड में रिक्त 51 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट मेला में शामिल हो सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्राचार्य/ सहायक शिक्षुता सलाहकार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़, 1 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश स्तरीय गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का आयोजन आगामी 20 मई 2025 तक किया जा रहा है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल रायगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में गौशाला एवं गौ सेवा से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने देशी गाय की उपयोगिता, गौ मूत्र तथा गोबर के उपयोग से तैयार किए जाने वाले कीट नियंत्रक एवं विभिन्न उपयोगी उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गौ ग्राम जनजागरण यात्रा आयोजन का मुख्य उद्देश्य गाय के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने पशुपालकों से पशुओं को सड़कों में आवारा खुला न छोड़ने हेतु कहा। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से गौ तस्करी के संबंध में चर्चा की तथा गौ तस्करी रोकने हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए। जिसके पश्चात उन्होंने चक्रधर गौशाला रायगढ़, मदन मोहन गौशाला खरसिया एवं आचार्य श्री गौशाला एवं जीवरक्षा संस्थान बैसपाली रायगढ़ का भ्रमण कर गौशाला द्वारा आयोजित गौ ग्राम जन जागरण यात्रा में शामिल हुए।

### शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया कलेक्टर ने

**रायगढ़, 1 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पटेल पाली में निर्माणाधीन आदर्श सब्जी मंडी और डीपीआरसी सेंटर में बन रहे दीदी सदन का जायजा लिया।आदर्श सब्जी मंडी पहुंचकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने यहां चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ले आउट प्लान के हिसाब से अब तक हुए निर्माण कार्यों के बारे में निर्माण एजेंसी से पूछा। बताया गया कि परिसर में शेड निर्माण के साथ उसमें स्टैंप कंक्रीट किया गया है। परिसर के अलग- अलग हिस्सों में कार्ययोजना के अनुसार निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसमें प्रवेश द्वार के करीब बैंक के लिए भवन निर्माण चल रहा है। इसके बाजू में धरमकांटा का निर्माण किया जा रहा है। वहीं परिसर में शेड निर्माण जारी है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा ये दोनों महत्वपूर्ण होते है, इसे ध्यान में रखते हुए काम करें।

# संतोषी भण्डारी का नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भोपाल के लिए हुआ चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



■ बीजापुर की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का मान

**बीजापुर, 1 मई।** बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की एथलेटिक्स खिलाड़ी संतोषी भण्डारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (स्र्ढ्ढ) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (NCOE) भोपाल के लिए किया गया है।

यह चयन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल 2025 को जारी की गई चयन सूची के आधार पर हुआ है, जिसमें देशभर की 10 बालिका एथलीट्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।संतोषी भण्डारी सूची में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं, जो बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बीजापुर की छात्रा हैं। उन्होंने हाल ही में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 से 14 जनवरी 2025 तक रांची (झारखंड) में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स में 400 मीटर और 600 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 400 मीटर में 1:02 मिनट और 600 मीटर में 1:41 मिनट का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 35वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो 4 से 6 अक्टूबर 2024 को नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित हुई थी, उसमें उन्होंने 4वां स्थान प्राप्त किया था। भारतीय खेल प्राधिकरण हर वर्ष देशभर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें ह्हृश्व में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और डाइट की सुविधा प्रदान करता है। संतोषी भण्डारी के इस उपलब्धि पर बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने उन्हें स्पोर्ट्स किट भेंट कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री एन.पी. गवेल एवं जिला खेल अधिकारी भी उपस्थित रहे।बीजापुर जिले के लिए यह गौरव की बात है कि यहां की एक बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।

### आपदा पीड़ितों के परिजन को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर, 1 मई ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी-नाले एवं तालाब के पानी में डुबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक लखु ओयाम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती पोदिये आयोम, मृतक पुनेम रमेश के निकटतम वारिस श्रीमती पुनेम सदना एवं मृतक मुकेश उरसा के निकटतम वारिस श्री लक्खू उरसा को 4-4 लाख रूपए कुल 3 पीड़ितों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# सुशासन तिहार में मिली शौचालय की स्वीकृति, लाभार्थियों ने जताया आभार



**बीजापुर, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जांगला निवासी श्रीमती सन्नी लेकाम द्वारा व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया था। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभाग द्वारा तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। श्रीमती सन्नी लेकाम ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह वास्तव में जनहित में तत्पर शासन की भावना को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनके परिवार को बहुत सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में माटवाड़ा की श्रीमती तुलसी को भी सुशासन तिहार के दौरान शौचालय की सुविधा स्वीकृत की गई। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। जिला प्रशासन की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया है।

# संजय पारा संकुल के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**बीजापुर, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर ब्लाक के संजय पारा संकुल से दो शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की ओर से दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी है। संकुल की ओर से सेवानिवृत्त प्राशा प्रअ लक्ष्मण बेलसरिया व माशा की शिक्षिका रजिया सुल्ताना द्वारा अपना सेवाकाल पूरा करने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संकुल प्राचार्य प्रभाकर राज शर्मा, एपीसी जाकिर खान, मनोज कावटी, बीआरसी राजेश मिश्रा, एबीईओ दीपक कोंड्रा, श्रीनिवास एटला, एम ए खान, सीएसी एम गटैया, दिलीप दुर्गम उपस्थित थे। विदाई समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मण बेलसरिया शिक्षिका रजिया सुल्ताना को शाला परिवार की ओर से शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट का सम्मान किया गया। एपीसी जाकिर खान, संकुल प्राचार्य प्रभाकर शर्मा ने दोनों शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सेवाकाल की सराहना की। संजय पारा संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भावुक पल में विदाई देते हुए कहा कि अपने अनुभव का लाभ व मार्गदर्शन हमें देते रहें। कार्यक्रम में प्रअ चंद्रकांता झाड़ी, शिक्षिका शबाना परवीन, गरिमा रामटेके, राकेश गिरी, मनोज कोंड्रा, दिव्या टोप्पो, कुसुम अमान, जगरानी, रंजिता खान, इंद्रा पुजारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुनीता डोनेट द्वारा किया गया।

# जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई में उपलब्धि हासिल की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 1 मई।** सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बसे नक्सलियों के गढ़ करेंगुट्टा पहाड़ी पर भारत का तिरंगा लहराया दिया है। यह देश में नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें सुरक्षा बल के जवान बीते 9 दिन से लगातार लाल आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सलवाद के खिलाफ यह लड़ाई अब अंतिम पड़ाव पर है।

**ऑपरेशन का आज 10वां दिन-** करेंगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 10वां दिन है। नक्सलियों के खात्मे के लिए लगभग 10 से 12 हजार जवानों ने पहाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया है। जवानों ने बड़े कैडर के नक्सली लीडरों समेत सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा और उनके सभी बंकरों को ध्वस्त करने का संकल्प किया है।बीते मंगलवार को फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है। यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया। पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी। वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के जवानों की भी करेंगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

# पीएम आवास योजना की प्रगति देखने हितग्राहियों के घर पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़, 1 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आज पुसौर ब्लाक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी पुसौर के गढ़उमरिया में पीएम आवास का कार्य देखने पहुंचे। यहां वे हितग्राही द्रोपदी गुप्ता एवं रेवती गुप्ता के घर पहुंचे और उनसे आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की। हितग्राहियों ने बताया कि आवास का निर्माण उनके स्वयं के द्वारा किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या पर अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि जिले में आवास निर्माण का काम मिशन मोड में किया जा रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवास निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर काम करें। जिससे लाभार्थियों को शीघ्र पक्का मकान मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि योजना के प्रत्येक चरण की मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट नियमित रूप से जारी रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पुसौर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुसौर में बनने जा रहे लाईब्रेरी, हॉस्पिटल एवं स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु जमीन चिन्हांकन के लिए निरीक्षण किया और एसडीएम, तहसीलदार से इस संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही पुसौर में नवीन स्वीकृत उप पंजीयक कार्यालय हेतु तहसील कार्यालय के समीप स्थल निरीक्षण किया और भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इसके अतिरिक्त नगर पंचायत पुसौर द्वारा शहर के बोरोडीपा और बाजार चौक में निर्माणाधीन शॉपिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण किया और अब तक हुए निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्य पूर्णता की टाइमलाइन के बारे में जानकारी लेते हुए उसके अनुसार काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुक्तिधाम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी निर्माण कार्यों के आस-पास रिक्त स्थानों में पौधरोपण करने के निर्देश दिए जिससे ये सभी परिसर हरे-भरे और सुंदर हों।

# व्याख्याता बीके शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर प्राचार्य व स्टाफ ने दी विदाई



**बीजापुर, 1 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विदाई समारोह में सर्व प्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना व स्वागत गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल में पदस्थ व्याख्याता बीके शर्मा को संस्था के प्राचार्य प्रभाकर शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने स्वागत सत्कार व भावुक होकर विदाई दी गई। इस विदाई समारोह में प्राचार्य प्रभाकर शर्मा ने सेवानिवृत्त व्याख्याता बीके शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इनकी कमी संस्था को महसूस होगी। इनके कार्य से सभी स्टाफ व कर्मचारी को प्रेरणा मिली है। एपीसी जाकिर खान ने सेवानिवृत्त व्याख्याता शर्मा के कार्यों तथा समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कार्यकाल में सहनशीलता का परिचय दिया है। विदाई समारोह को प्रअ अख्तरी खान, एमए खान, बीआरसी राजेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, शिक्षिका सरिता दुब्बा,?सीएसी एम गटैया व स्टाफ के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को सेवानिवृत्त व्याख्याता बीके शर्मा के कार्यकाल व व्यवहार की तारीफ करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बीके शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्था में बेहतर कार्य करने की सलाह दी। सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सेवानिवृत्त व्याख्याता का सम्मान करते हैं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग विदाई समारोह सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं



**रायगढ़, 1 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज सृजन सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले भर से आए जनसामान्य से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर द्वय श्री रवि राही, श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में आज जिले में कार्यरत संविदा एएनएम अपने लंबित वेतन एवं सेवा वृद्धि की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री चतुर्वेदी को बताया कि उनकी नियुक्ति कोविड के दौरान हुई थी। कोरोना काल में उन्होंने अपनी सफलतापूर्वक ड्यूटी पूर्ण की इसके अलावा वे राष्ट्रीय कार्यक्रम के सभी कार्यों को संपन्न करने में योगदान दिए, लेकिन उन्हें पूर्व का वेतन अभी तक नहीं मिला है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत श्री यादव को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह खरसोता निवासी श्री नंदलाल भगत पुनरीक्षित पेंशन एवं पेंशन का एरियस के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे वन क्षेत्रपाल के पद से 2017 में धरमजयगढ़ वन मंडल से सेवा निवृत्त हुए हैं। उनका पुनरीक्षित पेंशन कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर द्वारा पुनरीक्षित पेंशन स्वीकृत कर वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ को भेजा गया है, परंतु आज लगभग 1 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी उनका पुनरीक्षित पेंशन एवं पेंशन का एरियस वन मंडलाधिकारी द्वारा नहीं बनाया गया है। उन्होंने अपने पुनरीक्षित पेंशन एवं पेंशन का एरियस प्रदान करवाने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने डीएफओ धरमजयगढ़ को आवेदन के निराकरण हेतु निर्देशित किया।ग्राम बनसिया निवासी श्री केशव इलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वे एक पेंटर है और पिछले 1 वर्ष से विभिन्न बीमारियों से पीड़ित है। इलाज में उनकी पूरी जमा पूंजी खत्म हो चुकी है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदन की निराकरण एवं संबंधित के इलाज हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया। व्यापारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में धन उगाही एवं मनमानी की शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जिले के व्यापारियों द्वारा जगह-जगह साप्ताहिक बाजार लगाते हैं। लेकिन वहां के ठेकेदार मनमानी करते हुए शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक वसूली करते हैं, जिससे सभी व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस पर आवश्यक कार्रवाई की लिए मांग की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने आवेदन पर तहसीलदार रायगढ़ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौहापाली निवासी श्री हीरालाल अपने वृद्धा पेंशन की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत गरीब एवं वृद्ध है। दस्तावेज अनुसार वे पेंशन के पात्र है लेकिन उन्हें पर पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्होंने पेंशन प्रदान करने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सीईओ जनपद खरसिया को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने सुशासन संध्या चौपाल में स्वच्छता व जल संचयन की दिलाई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 10 मई।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सुशासन तिहार आयोजन व शासन की योजनाओं को कई माध्यमो से आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधोरा में आयोजित सुशासन संध्या चौपाल में शामिल हुए। अतिथियों द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन संध्या चौपाल का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणों को स्वच्छता एवं जल संचायन हेतु शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किय जा रहा है।सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर चयनित ग्राम पंचायत में आयोजित किये जायेंगे जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सिंधोरा से 116 आवेदन प्राप्त हुए है जिनका निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम. पंचायत सिंधोरा को अतिक्रमण मुक्त पंचायत हेतु प्रस्ताव पारित करने पर सराहना करते हुए कहा कि सब की सहभागिता से पंचायत में विकास कार्य को आगे बढ़ाएं। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने व स्वयं पहल करें। विकास कार्यो के लिए जमीन की आवश्यकता होती है। शासकीय भूमि नहीं होगी तो विकास कार्य भी अवरुद्ध हो जाएगा। उन्होंने गांव में साफ- सफाई, स्वच्छता तथा मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा निर्माण, जलाशयों की सफाई पर ध्यान देने कहा। इस अवसर पर एसडीएम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पी. एल. धुर्वे, सरपंच दयाल महेश्वर,पंच आस कुमार डहरिया, दुर्गा महेश्वर, तेज राम वर्मा, शम्भू सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में श्रमिकों का बना श्रम कार्ड



**बलौदाबाजार, 10 मई।** जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा हैं। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में आवेदनों का समाधान कर आवेदकों को जानकारी भी दी जा रही है। इसी क्रम में ग्राम कंजी के कांती निषाद, ग्राम खर्वे निवासी बलराम पैकरा नागेश्वरी पैकरा द्वारा श्रम कार्ड बनाए जाने हेतु दिए गये आवेदन का शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें श्रम कार्ड उपलब्ध कराया गया एवं सुशासन तिहार में दिलहरण साहू निवासी बलौदाबाजार के द्वारा मजदूरी राशि दिलाये जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया था जिसका त्वरित निराकरण करते हुए ठेकेदार से 39,000/- रूपये बकाया मजदूरी राशि दिलाया गया। श्रम कार्ड प्राप्त करने पर कांती निषाद एवं दिलहरण साहू ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हे विभिन्न श्रमिक योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।मजदूरी क़ा बकाया राशि मिलने पर दिलहरण साहु ने सुशासन तिहार आयोजन पर शासन को धन्यवाद दिया है।

## एक नजर

### परशुराम जयंती में मंत्री टंकराम वर्मा और विधायक अनुज शर्मा पहुंचे



**तिल्दा नेवरा, 01 मई।** अखिल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई समाज के लोगों ने दिन भर कार्यक्रम किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री टंक राम वर्मा और विधायक अनुज शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा नगर के महिला युवा वर्ग ने जोरदार शोभा यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण जन उपस्थित थे। वर्ष में एक बार होने वाले इस आयोजन की लोगों को भारी प्रतिक्षा होती है कारण ब्राह्मण समाज में कई विचार धारा के लोग होते है । समाज के वरिष्ठ शंकर लाल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर अभिनंदन किया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में ली गई जल संचयन की सामूहिक शपथ



**बलौदाबाजार, 01 मई।** मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल संचयन हेतु सामूहिक शपथ ली गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण और जल संचयन हेतु नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जल के समुचित उपयोग, बारिश के पानी के संचयन और पानी की बर्बादी न करने की शपथ ली जा रही है।

### वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने मोबाइल नम्बर अपडेशन के लिए दस्तावेज करें व्हाट्सएप्प

**बलौदाबाजार, 10 मई।** छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाया जाना है। इसके लिए सभी वाहनों का वाहन सॉफ्टवेयर में मोबाइल नंबर अपडेट होना अनिवार्य है। मोबाइल नम्बर अपडेशन के बाद ही आवेदक द्वारा हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाए जाने हेतु आवेदन किया जा सकेगा। मोबाइल अपडेशन कार्य को सुगम बनाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर 81200 -93330 एवं 81037-73414 में आवेदक अपना वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति जिसमें अपना मोबाइल नम्बर लिख कर एवं हस्ताक्षर करते हुए प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक व्हाट्सएप्प कर सकते हैं।

### नियम विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण कराने वाले 30 लोगों को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार, 10 मई।** परिवहन विभाग से प्राप्त फेसलेस ऑटो अप्रूवल का दुरूपयोग करते हुए गलत जानकारी सारथी पोर्टल में अपलोड कर कर ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण करने वालों को परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक ऐसे 30 आवेदको को नोटिस जारी कर समायावधि में जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उनके लाइसेंस निलंबन या निरस्तिकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी सी. एल. देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने तथा जनसामान्य के सुरक्षा की दृष्टि से भारी मोटरयान तथा परिवहन यानो के ड्राइविंग लायसेंस नवीनीकरण के पूर्व दो दिवसीय आईडीटीआर से प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है।

### व्यापम की पीपीटी आज,जिले के 720 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

**बलौदाबाजार, 01 मई।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा गुरुवार 1 मई 2025 को प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।इस परीक्षा हेतु जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें शासकीय डी. के. स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल है। दोनोपरीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12–15 बजे तक होगा।

50 से भी अधिक गांवों के लोगों ने गाय से होने वाले फायदे को जाना

# गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का समापन खड़मा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 01 मई।** गरियाबंद जिले के छुरा प्रखंड में गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का आयोजन श्री कुंज बिहारी गौ शाला समिति खुशरुपाली के तत्वाधान में किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासन के निर्देश व गौ शाला आयोग के मार्ग पर गोशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयो ने प्रखंड के चरौदा, कानसिंधी,रसेला, कामराज सिवनी, पिपरछेडी, मडेली, गिधनी , लोहाझर बोड़राबांधा, मुड़ागांव, कसेकेरा , सोरिद फिंगेश्वरी ,अकलवारा ,रानीपरतेवा व आस-पास के लगभग 50 से भी अधिक गांवों में गाय के महत्व एवं उनसे होने वाले फायदे की जानकारी देते हुए रविवार को खड़मा पहुंची। जहां साप्ताहिक बाजार चौक स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के ओम शांति भवन में ब्रह्माकुमारी चंद्रिका एवं ब्रह्माकुमारी अलिका बहन ने गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के सेवाधारियों का स्वागत किया एवं संस्थान के दिव्य प्रेरणा स्रोत श्री कृष्ण की छाया चित्र भेट कर सम्मान किया।चंद्रिका बहन ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और मानव जीवन में गौ माता का स्थान क्या रहा है यह श्री कृष्ण ने दुनिया को संदेश दिया है। जिसका महत्व हमें समझने की जरूरत है।

यात्रा में गौ माता की संदेश रथ के साथ पहुंचे स्थानीय जनप्रतिनिधि राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडेय, प्रकाश सिंहा,गुलशन सिंहा,धनश्याम साहू,रवि साहू, पूर्णिमा कंवर,शीतल ध्रुव का ब्रह्माकुमारी संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोविंद यादव,सियाराम सिंहा ने स्वागत किया। अभियान का नेतृत्व कर्ता युवा समाज सेवी शीतल ध्रुव उक्त अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि गाय के महत्व को जन जन तक पहुंचना और गौ सेवा के लिए लोगो को प्रेरित करना तथा गौ उत्पादों को बढ़ावा देना है उन्होंने बताया कि यह अभियान का प्रथम चरण 22 अप्रैल से श्रीकुंज बिहारी गोशाला से प्रारंभ किया गया।जो छुरा विकास खंड के लगभग 50 से भी अधिक गांव से होता हुआ आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ओम शांति भवन पहुंचे है जहां अभियान के प्रथम चरण का समापन होना है।वही पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुरूप अभियान के माध्यम से लोगो को गोपालन के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे गौ माता का संरक्षण हो एवं गौ उत्पादों से आर्थिक तौर पर सशक्त हो सके। वहीं बी.के.सिया राम सिंहा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में गौ माता की विशेष भूमिका रही है।आज हर घर में एक गाय जरूर हो,यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।गोविंद यादव ने कहा कि हमारे शारीरिक बल,बुद्धि के साथ साथ जीवन के हर पहलू में गौमाता का स्थान अग्रणीय है,इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए यह अभियान सतत् चलती रहे,शासन,प्रशाशन की ओर से विशेष योजनाएं बनाने की आवश्यकता है। गौ ग्राम जन जागरण अभियान के प्रथम चरण के समापन अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ब्रह्मकुमारीज संस्थान के सदस्यगण एवं अभियान के सहयोगी सदस्य गण मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में दीपक राठौर और ड्राइवर की मौत, पत्नी भी घायल

**भाटापारा, 01 मई।** स्थानीय शक्ति वार्ड निवासी दीपक राठौर की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई जबकि उसके धर्मपत्नी घायल हो गई जिसका ईलाज जारी है मिली जानकारी अनुसार शक्ति वार्ड निवासी मृतक दीपक राठौर पिता बौना राठौर उम्र 48 साल जो कि नगरपालिका में सफाई कर्मचारी था दो दिन पूर्व अपने रिश्तेदारों के यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने सपरिवार मलाजखंड गये थे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दुर्ग के लिए फोर व्हीलर में आ रहे थे उसमें उसकी पत्नी मिनाक्षी राठौर दुर्गेश मानिकपुरी और रिश्तेदार सहित सात लोग बैठे थे वाहन तेज था बताया जाता है कि ड्राईवर नशे में था जैसे ही उनका



वाहन धमधा से कूछ दूरी पर निकला ही था कि गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जबरदस्त टकराई बताया गया कि दीपक राठौर और ड्राईवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी मिनाक्षी अन्य लोग घायल हो गए घायलों को दुर्ग जिला अस्पताल में दाखिल किया गया जो कि सभी खतरे से बाहर है ईधर जैसे ही दीपक राठौर की मौत की खबर आई कि पूरा-पूरा मोहल्ला शोकं में डूबे गये आज शाम चार बजे उनका अंतिम संस्कार के लिए रावणभाठा मैदान ले गए जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं सहित अनेक लोग उपस्थित थे गौरतलब हो कि दीपक राठौर नगरपालिका में सफाई कर्मचारी के अलावा वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ सदस्य व अपने मुहल्ले में काफी लोकप्रिय थे।

# कुछ घंटे में मिले दो युवकों के शव,दोनों की हत्या की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 01 मई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेमता के गड़रिया नाला के पास युवक का शव होने की सूचना मिलते ही नेवरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची युवक सिर में पत्थर मार कर हत्या किया गया है। घटनास्थल पर खून से सना बड़ा पत्थर रखा हुआ है साथ ही पैकेट नमकीन भी रखा हुआ है। मृतक की पहचान लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट पिता स्व बलदाऊ भट्ट ग्राम सांकरा निवासी के रूप में की गई है। नेवरा पुलिस मर्ग कायम कर लिया है और जांच की जा रही है। पुलिस जानकारी के हिसाब से राजू भट पिता बलदाऊ भट ग्राम संकरा का रहने वाला है पता चला है। मंत्रालय में चपरासी का काम करता था। पिछले पंद्रह दिन से काम पर नहीं जा रहा था सिंचाई विभाग में अपने पिता की जगह अनुकंपा में लगा था कल गांव में ही इसके चाचा बलराम राव के यहां शादी में गया था आपको बता दे की कल तुलसी के सिर्वे खार में भी एक लाश मिली थी शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवक को मार कर वहीं खेत में फेंक दिया गया है। उसके चेहरे को बुरी तरह से कुचल दिया गया है। आसपास खून के धब्बे भी दिखाई दे रहा है।वहीं लाश के बगल में दो आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, व जॉब कार्ड भी पड़ा हुआ है। मृतक युवक के एक हाथ में टैटू बना हुआ है जिसमें जीपी लिखा हुआ है। साथ ही एक आधार कार्ड में छोटू सरदार,एवं एक आधार कार्ड में गोविंदा पांडे लिखा हुआ है।नेवरा पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि यह दोनों घटना पिछले 24 घंटे में ही हुई है.





# सुशासन तिहार में तत्काल बना ड्राइविंग लाइसेंस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 01 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम मेकरी निवासी श्री चंद्रशेखर पटेल एवं ग्राम दतान निवासी श्री गंगा राम बारले ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया था। अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों आवेदकों को त्वरित समाधान देते हुए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया।



इस अवसर पर श्री चंद्रशेखर पटेल ने कहा, ÷सुशासन तिहार के तहत हमें गांव में ही अपनी समस्या का समाधान मिल गया। हमें बहुत खुशी है कि अब लाइसेंस के लिए भटकना नहीं पड़ा।÷ वहीं श्री गंगा राम बारले ने भी कहा, ÷हम जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर बहुत ही लाभकारी है। त्वरित कार्यवाही के लिए हम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं।÷ दोनों आवेदकों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। ÷मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी को हम तहेदिल से धन्यवाद देते हैं।

# 34 हजार मूल्य की हाथभट्ठी महुआ शराब व लाहन जब्त



**बलौदाबाजार, 01 मई।** आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी व उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 34 हजार मूल्य का हाथभट्ठी कच्ची शराब तथा महुआ लाहन जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह वृत्त कसडोल के हसुआ बलौदा सबरिया डेरा में अवैध मदिरा विनिर्माण की सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर विशेश्वर साव,सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं वृत्त प्रभारी कसडोल के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही गई जिसमें नदी किनारे में अज्ञात व्यक्ति द्वारा डाली गई दो चढ़ी भठ्ठी नष्ट कर 120 ली अवैध कच्ची मदिरा तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।बरामद मदिरा का परिक्षण कर तथा महुआ लाहन का सेंपल कब्जे में लिया गया। बरामद मदिरा तथा महुआ लाहन का बाजार मूल्य रूपये 34,000 होना पाया। अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) तथा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

# राशि लेकर कार्य नहीं करने वाले ग्राम पंचायतों से हो रही वसूली

**कोरबा 01 मई।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा षासन से राशि प्राप्त कर कार्य नहीं कराने वाले सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उनसे राशि की वसूली के निर्देश सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को दिए गए हैं। इसी कड़ी में 15 वें वित्त की राशि एवं मूलभूत की राशि में वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा द्वारा 09 जनवरी 2025 को आदेश पारित कर ग्राम पंचायत रजगामार, जनपद पंचायत कोरबा के सरपंच श्रीमती रमूला राठिया पति सुखराम राठिया को सरपंच पद से पृथक करने के साथ पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत निर्वाचन के लिये छह वर्ष के लिए निरर्हित कर दिया गया था।

पूर्व में ग्राम पंचायत रजगामार, जनपद पंचायत कोरबा के सरपंच श्रीमती रमूला राठिया पति सुखराम राठिया एवं सचिव ईश्वर धिरहे के संबंध में व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायत की जाँच प्रतिवेदन अनुसार कुल 83,94, 940 /- रूपये का कार्य होना पाया गया, अपितु इस कार्य हेतु किसी प्रकार की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति नहीं लिया गया एवं कैशबुक व बिल व्हाउचर का संधारण नहीं किया गया। इन 83,94,940/- रूपये के कार्य को छोड़कर शेष 72,05,139 /- रूपये की वसूली हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।इस मामले में ग्राम पंचायत रजगामार में 15वें वित योजनांतर्गत की गई वित्तीय अनियमित्ता के कारण सरपंच / सचिव ग्राम पंचायत रजगामार से राशि 7205139 /- की वसूली की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

# किसी प्रकरण में आदेश जारी करने के बाद उसे लागू कराना भी आपकी जिम्मेदारी:कलेक्टर

- किसानों के पंजीयन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश
- अविवादित नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**कोरबा 01 मई।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अजगर बहार तहसीलदार को किसान पंजीयन कार्य में न्यून प्रगति होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों को अविवादित नामान्तरण बटांकन, सीमांकन के प्रकरणों में प्रगति लाने और नक्शा बटांकन त्रृटि सुधार के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोटवारी भूमि के नामान्तरण को निरस्त करते हुए शासन के रिकार्ड में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों के पंजीयन कार्य की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अजगरबहार तहसील में प्रगति नहीं दिखने पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि वे सात दिवस के भीतर कृषक पंजीयन के कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि किसी प्रकरण में आदेश जारी करने के बाद उसे लागू कराना भी आपकी जिम्मेदारी है ताकि कोई पीड़ित आदेश के बाद भी किसी के पास चक्कर न काटे। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि कोटवारी भूमि का ट्रांजेक्शन अवैध है और उसका नामान्तरण भी अवैध है। उन्होंने सिंगल ट्रांजेक्शन वाले ऐसे प्रकरणों की जांच करने और रिकार्ड नहीं मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण और बंटवारा के मामलों का आवेदन दर्ज होने के बाद समय.सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अधिक संख्या में लंबित प्रकरणों वाले तहसील को चिन्हित कर प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण और बंटवाराए भूमि व्यपवर्तन एखाता विभाजनए नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों को दर्ज करने और मिशन मोड में कार्य करते हुए दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण के निर्देश दिए।

# नगर सैनिकों के रिक्त पद के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को

**बालोद, 01 मई।** होमगार्ड विभाग में महिला एवं पुरूष नगर सैनिकों के रिक्त पद की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा रविवार 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य के रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर जिले में आयोजित की जाएगी।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 202504142400020/ अ-2/2024-25

साकिन-चारभाठा, प.ह.न.07

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका जयंतीबाई साहू पति भुवनलाल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम चारभाठा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारभाठा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 753/2 में से रकबा 0.01 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 06/05/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा यां आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 16/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर**


# पेशी के लिए अब अस्पतालों व बैंकों में भी होगी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की सुविधा

- मुख्य सचिव ने की नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 01 मई।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के सबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी सम्भागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। मुख्य सचिव ने नवीन आपराधिक कानूनों के तहत मामले की त्वरित सुनवाई के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, बैंको एवं जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम स्थापित करने के निर्देश दिये ताकि पेशी के लिए आने -जाने की जरूरत न हो और समय की बचत हो। बैठक में डीज़ीपी श्री अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल श्री मनोज पिंगुआ भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। सभी जिलों में जिला अभियोजन निदेशालय की साथपना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं सीएमएचओ के साथ साप्ताहिक बैठक हो। ई- साक्ष्य, ई -समन एवं आईओ मितान का उपयोग सुनिश्चित हो। इसके साथ ही निर्धारित अवधि में चालान पेश करने की कार्यवाही हो। उन्होने नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित समस्त बिदुओ का अनुपालन हर स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2024 से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। नए कानूनी प्रावधान के अनुसार प्रकरणो की सुनवाई व निराकरण हेतु अधिकारी -कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एक नजर

### अरुण पन्नालाल पर एफआईआर

**रायपुर, 01 मई।** छत्तीसगढ़ क्रिश्चन फोरम के मुख्य अरुण पन्नालाल के खिलाफ कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों



की गलत सूची सोशल मीडिया पर प्रस्तुत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर आजाद चौक थाना में दर्ज की गई है।

इसके बाद हिंदुवादी संगठनों ने इस मामले को लेकर आजाद चौक थाना और अरुण पन्नालाल के घर का घेराव किया। इन संगठनों ने एफआईआर दर्ज न होने पर पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। इसके साथ ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी थी कि यदि कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे जयस्तंभ चौक पर सार्वजनिक मुंडन कराएंगे। जिसके बाद उन्होंने मुंडन भी कराया।

### अंतर्राष्ट्रीय लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता ऑक्सफोर्ड में जज बनी छत्तीसगढ़ की सुगंधा जैन

**रायपुर, 01 मई।** बोनवेरो इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की ओर से 21 अप्रैल से शुक्रवार 25 अप्रैल



2025 के बीच ऑक्सफोर्ड में आयोजित हुए 18वें वार्षिक मोनरो ई. प्राइस मीडिया लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतर्राष्ट्रीय राउंड में छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की वकील सुगंधा जैन संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले शामिल हुई। यह पहला अवसर था जब विधि से जुड़ा छत्तीसगढ़ का कोई व्यक्ति अंतराष्ट्रीय लॉ से संबद्ध आयोजन में जज बनी है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के लगभग 150 देशों के लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लॉ से संबंधित बारीकियों विशेष तौर पर मानवाधिकार पर भी जज के रूप में सुगंधा ने दुनियाभर के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 वर्षीय सुगंधा जैन पिछले 8 सालों से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के शासकीय संस्थानों से संबद्ध है। वह महिला उत्थान एवं कानूनी जागरूकता को लेकर जन जागरण अभियान में भी अपना योगदान देती रही है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव बताते हुए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

# कांग्रेस ने मनाया बोरे-बासी दिवस भाजपा ने बताया राजनीतिक स्टंट









**रायपुर, 01 मई।** छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस की सरकार हर साल 1 मई को बोर-बासी दिवस सरकारी तौर पर मनाती रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस साल भी 1 मई को बोर-बासी दिवस पार्टी के स्तर पर मनाने का ऐलान किया है। दुर्ग में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आज संत विजय ऑडिटोरियम, भिलाई में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे-बासी तिहार मनाया। इसी कड़ी में दीपक बैज ने भी बोरे-बासी का स्वाद लिया और एक्स पोस्ट कर उन्होंने लिखा, श्रम का सम्मान ही समाज की असली पहचान है! बोरे-बासी न सिर्फ हमारे छत्तीसगढ़ की परंपरा है, बल्कि मेहनतकश श्रमिक साथियों के सम्मान की भावना भी है। आज बोरे-बासी ग्रहण कर श्रमिकों के श्रम, संस्कृति और संघर्ष को नमन किया गया। यह दिन याद दिलाता है कि समाज की असली शक्ति वे हाथ हैं जो ईंट, मिट्टी, पसीने और हौसले से देश का भविष्य गढ़ते हैं। बोरे-बासी खाकर हम उस मेहनत को नमन करते हैं, जो हर सुबह एक नया सपना साकार करने में लगी रहती है।

**कब कितने पैसे बोरे-बासी में लगाए, जांच हो**-बोरे-बासी दिवस को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने इस आयोजन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे राजनीतिक स्टंट और भ्रष्टाचार का जरिया करार दिया ,चंद्राकर ने कहा कि, बोरे-बासी दिवस के आयोजन के लिए पहले भी कई बार धन आवंटित किया गया है। यह जांच का विषय है कि, कांग्रेस सरकार ने वास्तव में कितनी बार यह दिवस मनाया और इसके लिए श्रम विभाग ने कितनी राशि खर्च की। सार्वजनिक धन का उपयोग कहां और कैसे हुआ, इसकी पूरी जानकारी जनता के सामने रखी जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि, भूपेश बघेल सरकार ने इस सांस्कृतिक प्रतीक को सिर्फ पैसे खाने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए राजनीतिक रूप से इस्तेमाल किया।

# जल आपूर्ति करने में असफल निगम का तुगलकी फरमान

**रायपुर, 01 मई।** निगम आयुक्त विश्वदीप के बिजली विभाग को शहर में सुबह बिजली बंद करने लिखे पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रायपुर शहर की जनता को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। बीते 5 वर्ष में शहर में कभी जल की समस्या उत्पन्न नहीं हुई थी। कांग्रेस की सरकार ने निगम को टैंकर मुक्त्त किया।

ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही व्यवस्थाएं सब खराब हो गई है जल आपूर्ति करने में असफल ट्रिपल इंजन सरकार के आयुक्त विश्वदीप बिजली विभाग को पत्र लिखकर सुबह 6:15 बजे से 6:45 बजे तक एवं शाम को 6:15 बजे से 6:45 बजे तक सिविल लाइन एवं ऑफीसर कॉलोनी को छोड़कर पूरे शहर में बिजली बंद करने पत्र लिखना, जल देने में असफल होने का प्रमाण है।

निगम के द्वारा पत्र में टुल्लू पम्प से ज्यादा पानी लेने का जो आरोप लगाया गया है यह बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है यह वीआईपी एरिया को छोड़कर पूरे शहर के नागरिकों को पानी लेने में घपला बाजी का आरोप मढ़ रहे है शहर के नागरिकों का अपमान कर रहे हैं ट्रिपल इंजन की सरकार को इसके लिए शहर की जनता से माफी मांगना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि निगम आयुक्त ने जो पत्र लिखा है की संध्या के समय 6.15 बजे से 6:45 बजे तक शहर की लाइट बंद रखी जाए जबकि सूर्यास्त के समय लोग घरों में दिया बत्ती करते हैं लाइट जलाते हैं रोशनी करते हैं यह हमारे परंपरा में है संस्कृती में है और निगम लाइट बंद करके कहीं न कहीं उस परंपरा को रोक रहे हैं अगर निगम सही समय पर जल आपूर्ति की बाधा को दुरुस्त कर लेता जिन इलाकों में गर्मी के दिनों में पर्याप्त जल नहीं पहुंचता उस स्थान पर बाधा को दूर कर लेता तो इस प्रकार से तुगलकी फरमान जारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

# पूर्व मंत्री चंद्राकर ने जातिगत जनगणना पर कांग्रेस को घेरा

- उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कई बार सत्ता में रही, तब जनगणना क्यों नहीं करवाई
- पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने से समस्या हल नहीं होगी

**रायपुर, 01 मई।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के हालिया बयानों और फैसलों को लेकर भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। आज उन्होंने अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कांग्रेस की जातिगत जनगणना की मांग को राजनीतिक बयानबाजी करार दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कई बार सत्ता में रही, तब जनगणना क्यों नहीं करवाई? चंद्राकर ने रायपुर नगर निगम के पांच पार्षदों के इस्तीफे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस में हर रोज उठक-बैठक चल रही है, पर यह कोई नहीं जानता कि निर्णय कौन ले रहा है। पार्टी में नेतृत्व का अभाव है। वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान पर उन्होंने कहा कि सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह की अगुवाई में बैठक और सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि ÷लोगों के बीच जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, उन्हें दूर किया जा सके।÷ उन्होंने यह भी कहा कि इससे गरीब मुस्लिमों को लाभ होगा। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने की राहुल गांधी की अपील पर चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा, शहीद का दर्जा देने से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि जिम्मेदारों को सबक सिखाना जरूरी है। मोदी सरकार ने सेना को फ्री हैंड दिया है और पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास कोई ठोस समाधान नहीं है। कांग्रेस के निष्कासित नेताओं की घर वापसी पर चंद्राकर ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में अब कांग्रेस पार्टी बची ही कहां है? कौन नेता है और कौन निर्णय ले रहा है - यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण

**रायपुर, 01 मई।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद ने भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा द्वारा प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कार्यालय, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर में विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती कर हर्षोल्लास के साथ मनाया. भगवान श्री परशुराम जी की सीख - जीवन में शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उपयोगी हैं, का स्मरण किया. प्रतिवर्ष अनुसार वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन युवा विंग अध्यक्ष अविनय दुबे एवं राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा के द्वारा शाम 5.00 शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में प्रसाद एवं शीतल पेय का वितरण किया गया. यह कार्यक्रम में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के आतिथ्य में हुआ.

# बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ता परेशान

**रायपुर, 01 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट एवं धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे ने भारतीय जनता पार्टी के राज में बिजली की आंख मिचोली पर ट्रिपल इंजन की सरकार को घेरते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में उमस भरी गर्मी में विद्युत की बदहाल व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं. भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से ग्रामीण फीडर के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त हैं. भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में ग्रामीण छेत्र में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं.आम लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है. रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में पंद्रह से बीस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है. बिजली की इस आंख मिचौनी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं.क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है. बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है. बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है.गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली न रहने से परेशानी और भी बढ़ गई है. मौसम में परिवर्तन आने के बाद बिजली की आपूर्ति में भी परिवर्तन होने लगा है. जिसका सबसे अधिक असर छात्रों पर पड़ रहा है क्षेत्र के लोगों ने ने बताया कि अगर बिजली विभाग समस्या में सुधार नहीं किया तो आंदोलन को बाध्य होंगे. ग्रामीण छेत्र के सिलयारी,मंदिर हसौद, सारागांव आमासिवनी फीडर का हाल काफी खराब हैं इस बिजली कटौती से लोग काफी आक्रोशित हैं.लोगो का कहना हैं की बार बार बिजली का कटने से लोगो को तो परेशानी हो ही रही है.साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो जा रहे हैं. धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि सिलयारी छेत्र में मंगलवार की बात की तो दोपहर 12:00 बजे से रात 12:00 बजे तक तीन दर्जन से अधिक बार बिजली कटी.जिसको लेकर हर कोई परेशान रहा.पिछले कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली के कारण विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं. बिजली कब आती है और कब जायेगी. इसका कोई ढोर ठिकाना नहीं रहता है. खासकर जब बादल उमड़ने घूमड़ने लगता है और इधर बूंदाबांदी हुई नहीं की उधर बिजली महारानी हो गयी गुल.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26